क) प्रतिभूति रसीद में निवेश को i) वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य (बही मूल्य में से प्रावधान घटाकर) ii) प्रतिभूति रसीद के मोचन मूल्य, दोनों में जो भी कम हो, को हिसाब में लिया जाता है।

ख) प्रतिभूतिकरण कंपनी/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का मूल्यांकन गैर-एसएलआर लिखतों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। तदनुसार, जिन मामलों में प्रतिभूतिकरण कंपनी/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का परिशोधन संबंधित योजना के लिखतों के लिए आबंटित वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली के अनुसार किया गया है, उन मामलों में आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी से प्राप्त निवल आस्ति मूल्य की गणना ऐसे निवेशों के मूल्यन के लिए की गई है।

ग) प्रतिभूति रसीदों पर प्रतिभूतिकरण कंपनी/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी को अलाभकारी आस्तियों (वित्तीय आस्तियों) की बिक्री के मामले में प्रतिभूतिकरण कंपनी में निवेश को i) वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य (बही मूल्य में से प्रावधान घटाकर) ii) प्रतिभूति रसीद के मोचन मूल्य, दोनों में जो भी कम हो, को हिसाब में लिया जाता है। तदनुसार, जिन मामलों में प्रतिभूतिकरण कंपनी/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का परिशोधन संबंधित योजना के लिखतों के लिए आबंटित वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली के अनुसार किया गया है, उन मामलों में आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी से प्राप्त निवल आस्ति मूल्य की गणना ऐसे निवेशों के मूल्यन के लिए की गई है।

vi) ट्रेजरी बिलों और वाणिज्यिक पत्रों का मूल्यांकन रखाव लागत आधार पर किया गया है।

2.4 निवेश (एनपीआई)

i. देशी कार्यालयों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के आधार पर निवेश को अर्जक और अनर्जक श्रेणियों में विभाजित किया गया है:

(क) ब्याज/किस्त (परिपक्वता राशि सहित) देय है और 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए बकाया है।

(ख) ईक्विटी शेयरों के मामले में, जहाँ अद्यतन तुलनपत्र की अनुपलब्धता के कारण किसी कंपनी के शेयरों का मूल्यांकन ₹1/- प्रति कंपनी किया गया है, वहाँ ऐसे ईक्विटी शेयरों को अनर्जक निवेश माना जाएगा।

(ग) यदि इकाई द्वारा ली गई कोई ऋण-सुविधा बैंक-बही में अनर्जक आस्ति हो गई हो, तो ऐसी स्थिति में उसी इकाई/जारीकर्ता द्वारा जारी किसी भी प्रतिभूति में निवेश को अनर्जक निवेश माना जाएगा। उपर्युक्त नियम आवश्यक परिवर्तनों के साथ उन अधिमानी शेयरों पर भी लागू होगा, जहाँ नियत लाभांश का भुगतान नहीं किया गया है।

(घ) ऐसे डिबेंचरों/बांडों में निवेश जिसे अग्रिम माना गया है, पर भी अनर्जक निवेश के वही मानदंड लागू होंगे जो निवेश पर लागू होते हैं।

ii. विदेश स्थित कार्यालयों के मामले में अनर्जक निवेश हेतु वर्गीकरण एवं प्रावधान, स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों, इनमें से जो अधिक सख्त हों, के अनुसार किया गया है।

2.5 रेपो/रिवर्स रिपो लेनदेन के लिए लेखांकन:

बैंक चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक एवं बाजार भागीदारों के साथ रेपो/रिवर्स रेपो लेनदेन के करता है। प्रतिभूतियों की खरीद द्वारा उधार ली गई निधियाँ रिवर्स रेपो लेनदेन होते हैं।

(क) चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ के लेनदेनों को संपार्श्विक उधर देने एवं उधार लेने के लेनदेन के रूप में हिसाब में लिया गया है।

(ख) बाजार रेपो एवं रिवर्स रेपो लेनदेनों में बेची गई (खरीदी गई) एवं पुनः खरेदी गई (पुनः बेची गई) प्रतिभूतियों को सामान्य एकमुश्त विक्रय (क्रय) लेनदेन के रूप में हिसाब में लिया गया है और प्रतिभूतियों की ऐसी आवाजही को रिपो/ रिवर्स रिपो खातों एवं दुतरफा प्रविष्टियों का उपयोग करके दर्शाया गया है। इन प्रविष्टियों को परिपक्वता की तिथि को प्रतिवर्तित किया गया है। रेपो खाते की शेष राशि को अनुसूची - 4 (उधार-राशियाँ) एवं रिवर्स रेपो खाते की शेष राशि को अनुसूची - 7 (बैंकों में शेष तथा माँग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि) के तहत श्रेणीबद्ध किया गया है।

(ग) भारतीय रिज़र्व बैंक अथवा अन्यों रेपो लेनदेन उधार लेने की लागत एवं रेवर्स रेपो लेनदेनों पर आय को क्रमशः ब्याज व्यय एवं ब्याज आय के रूप में हिसाब में लिया गया है।

ख. बीमा व्यवसाय :

जीवन और साधारण बीमा अनुषंगियों के मामले में, निवेश बीमा अधिनियम, 1938, आईआर डीएआई (निवेश) विनियम, 2016, कंपनी और आईआरडीए (बीमा कपनियों के वित्तीय विवरण और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण) विनियम, 2002, कंपनी का निवेश नीति और समय-समय पर आईआरडीएआई द्वारा तथा निर्गमित विभिन्न अन्य परिपत्रों/अधिसूचनाओं के अनुसार किए गए हैं।

(i) गैर-संबद्ध बीमा व्यवसाय और साधारण बीमा व्यवसाय से संबंधित निवेश का मूल्यांकन :

- सरकारी प्रतिभूतियों सहित सभी ऋण प्रतिभूतियों का अवधिगत लागत के आधार पर परिशोधन के अध्यधीन उल्लेख किया गया है।
- सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों का तुलनपत्र की तारीख को उचित मूल्य पर आकलन किया गया है। उचित मूल्य का निर्धारण करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, मुंबई (बीएसई) पर बाजार बंद होने के समय उद्भूत आखिरी मूल्य में से निचले मूल्य को शामिल किया जाता है।
- असूचीबद्ध इक्विटी प्रतिभूतियों, इक्विटी संबंधित लिखतों और अधिमान शेयरों का आंकन अवधिगत लागत आधार पर किया जाता है।
- प्रतिभूति उधार देने और उधार लेने के मामले में, उधार दिए गए इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन यथा उल्लिखित इक्विटी शेयरों की मूल्यांकन पद्धति के अनुसार किया जाता है।
- आईआरडीएआई द्वारा यथा निर्दिष्ट 'इक्विटी' के तहत वर्गीकृत अतिरिक्त टियर-I (बेसल-III अनुपालक) बेमियादी बॉण्ड का मूल्यांकन क्रिसिल से प्राप्त मूल्य के आधार पर किया जाता है।
- म्यूचुअल फंड यूनिटों में निवेश का जीवन बीमा में पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) पर और साधारण बीमा में तुलनपत्र की तारीख को मूल्यांकन किया जाता है।
- वैकल्पिक निवेश निधियों के निवेश का मूल्यांकन नवीनतम उपलब्ध एनएवी के आधार किया जाता है।

शेयरधारकों के निवेशों और गैर-संबद्ध पॉलिसी धारकों के निवेशों के संबंध में सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और म्यूचुअल फंड यूनिटों के उचित मूल्य में परिवर्तन के कारण होने वाले अवसूल लाभ या हानियाँ "आय और अन्य आरक्षितियां (अनुसूची 2)" में और "बीमा व्यवसाय में पॉलिसी धारकों से संबंधित देयताएं (अनुसूची 5)" क्रमशः तुलनपत्र में लिए गए हैं।

(ii) संबद्ध व्यवसाय से संबंधित निवेश का मूल्यांकन :

- एक वर्ष से अधिक की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन क्रेडिट रेटिंग इन्फोर्मेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड (क्रिसिल) से प्राप्त मूल्यों पर किया जाता है सिवाय भारत सरकार के स्क्रिपों के जिनका मूल्यांकन निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न (डेरिवेटिव) संघ (एफआईएमएमडीए) से प्राप्त मूल्यों पर किया जाता है। एक वर्ष से अधिक की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर अन्य ऋण प्रतिभूतियों का मूल्यांकन क्रिसिल बॉन्ड वैल्यूअर के आधार पर किया जाता है। एक वर्ष या उससे कम की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी और अन्य ऋण प्रतिभूतियों की अपरिशोधित और औसत लागत को प्रतिभूतियों की शेष अवधि के लिए परिशोधित किया जाता है। ऐसे मूल्यांकन से होने वाले अवसूल लाभ या हानियों को लाभ एवं हानि खाते मे शामिल किया गया है।
- सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों का तुलनपत्र की तारीख को उचित मूय पर आकलन किया जाता है। उचित मूल्य का निर्धारण करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के बाजार बंद होने के समय के आखिरी उद्धत मूल्य का उपयोग किया जाता है। एनएसई में सूचीबद्ध किए गए इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन बीएसई के बाजार बंद होने के समय के आखिरी उद्धत मूल्य पर किया गया है।
- असूचीबद्ध इक्विटी प्रतिभूतियों का आंकन अवधिगत लागत आधार पर किया जाता है।
- प्रतिभूति उधार देने और उधार लेने के मामले में, उधार दिए गए इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन नीति के अनुसार किया जाता है जैसा ऊपर उल्लेख किया गया है।
- आईआरडीए द्वारा यथा निर्दिष्ट 'इक्विटी' के तहत वर्गीकृत अतिरिक्त टियर-I (बेसल-III अनुपालक) बेमियादी बॉण्ड का मूल्यांकन क्रिसिल से प्राप्त मूल्य के आधार पर किया जाता है।

- म्यूचुअल फंड यूनिटों में किए गए निवेशों का मूल्यांकन पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) पर किया जाता है।
- इक्विटी शेयरों और म्यूचुअल फंड यूनिटों के उचित मूल्य में परिवर्तनों के कारण होने वाले अवसूल लाभों या हानियों को लाभ एवं हानि खाते में दिखाया जाता है।

3. ऋण/अग्रिम और उन पर प्रावधान: :

3.1 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों/निदेशों के आधार पर ऋणों और अग्रिमों का वर्गीकरण निम्नानुसार अर्जक और अनर्जक के रूप में किया गया है:

i. सावधि ऋण के संबंध में, ब्याज और/अथवा मूलधन की किस्त 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए अतिदेय रहती है;

ii. ओवरड्राफ्ट या नकदी-ऋण अग्रिम के संबंध में खाता "असंगत" ("आउट ऑफ आर्डर)" रहने अर्थात् बकाया शेष राशि लगातार 90 दिनों की अवधि के लिए संस्वीकृत सीमा/आहरण अधिकार से अधिक हो जाने या तुलनपत्र की तिथि तक लगातार 90 दिनों तक किसी भी राशि को जमा नहीं किए जाने अथवा ये जमाराशियाँ उसी अवधि के दौरान देय ब्याज का भुगतान करने के लिए अपर्याप्त होने पर इन्हें अनर्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है;

iii. क्रय किए गए/बट्टाकृत बिलों के संबंध में, बिल 90 दिनों की अवधि से अधिक अतिदेय रहने पर उन्हें अनर्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है;

iv. कृषि अग्रिमों के मामले में यदि (क) अल्पावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन की किस्त या ब्याज दो फसल-मौसमों के लिए अतिदेय रहते हैं एवं (ख) दीर्घावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन या ब्याज एक फसल मौसम के लिए अतिदेय रहते हैं, उन्हें अनर्जक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

3.2 अनर्जक अग्रिमों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर अवमानक, संदिग्ध और हानिप्रद आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है:

i. अवमानक : कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों या उससे कम अवधि के लिए अनर्जक रह गई है।

ii. संदिग्ध : कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों की अवधि के लिए अवमानक रही है।

iii. हानिप्रद : कोई ऋण आस्ति, जिसमें हानि की पहचान की गई है, किंतु उस राशि को पूर्णतया बट्टे खाते नहीं डाला गया है।

3.3 अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान विनियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार किए गए हैं और ये निम्नलिखित न्यूनतम प्रावधान मानदंड के अधीन किए गए हैं:

अवमानक आस्तियाँ :	i.	कुल बकाया पर 15% का सामान्य प्रावधान
	ii.	प्रारंभ से ही अप्रतिभूत ऋण जोखिमों के लिए 10% का अतिरिक्त प्रावधान (जहाँ प्रतिभूति का वसूली - मूल्य प्रारंभ से ही 10% से अधिक नहीं है)
	iii.	इन्फ्रास्ट्रक्चर अग्रिम खातों, जहाँ एस्क्रो खाते आदि जैसे कुछ बचाव उपाय उपलब्ध हैं, से संबंधित प्रतिभूति-रहित ऋण जोखिम - 20%
संदिग्ध आस्तियां :		
-प्रतिभूत हिस्सा :	i.	एक वर्ष तक - 25%
	ii.	एक से तीन वर्ष- 40%
	iii.	तीन वर्ष से अधिक- 100%
-अप्रतिभूत हिस्सा	100%	
हानिप्रद आस्तियां :	100%	

3.4 विदेश स्थित कार्यालयों के संबंध में, ऋण एवं अग्रिमों का वर्गीकरण एवं अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान, स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों इनमें से जो अधिक सख्त हों, के अनुसार किया गया है।

3.5 अग्रिमों में से विशिष्ट ऋण पर हानियों के लिए किए गए प्रावधानों, अप्राप्त ब्याज, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) के प्राप्त दावों और बट्टाकृत बिलों को घटा दिया गया है।

3.6 पुनर्रचित/पुन: निर्धारित आस्तियों के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किए गए हैं, जिसके अनुरूप संबंधित ऋणों/अग्रिमों के लिए प्रावधान के अलावा पुनर्रचना के पहले एवं बाद ऋण/अग्रिम के उचित मूल्य के अंतर के लिए भी प्रावधान किया जाता है। उपरोक्त मामलों में अंकित मूल्य में कमी एवं छोड़ दिए गए ब्याज के लिए यदि कोई अतिरिक्त प्रावधान किया जाता है, तो वह राशि अग्रिम से घटा दी जाती है।

3.7 अनर्जक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत ऋण खातों के मामले में, विनियामकों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप होने पर ही किसी खाते को अर्जक खाते के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जा सकता है।

3.8 पूर्ववर्ती वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के सापेक्ष वसूली गई राशि का निर्धारण वसूल किए गए वर्ष में आय के रूप में किया गया है।

3.9 अनर्जक आस्तियों पर विशिष्ट प्रावधान के अतिरिक्त मानक आस्तियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार सामान्य प्रावधान भी किए गए हैं। ये प्रावधान तुलनपत्र की अनुसूची 5 के "अन्य देयताएँ और प्रावधान- अन्य" शीर्ष के अंतर्गत दिए गए हैं एवं निवल अनर्जक आस्तियों का निर्णय करने के लिए इनको संज्ञान में नहीं लिया जाता है।

3.10 बैंक विशिष्ट अनर्जक आस्तियों के लिए भी प्रावधान करता है।

3.11 अनर्जक आस्तियों में वसूली का समायोजन निम्नलिखित प्राथमिकता के अनुसार किया जाता है:

क. प्रभार, लागत, कमीशन आदि

ख. अप्राप्त ब्याज/बजाय

ग. मूलधन

तथापि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के जरिए समझौता एवं समाधान/निपटान के मामलों में वसूलियों का समायोजन संबंधित समझौता/समाधान/निपटान की शर्तों के अनुसार किया जाता है। वाद दायर किए गए खातों में वसूली का समायोजन संबंधित न्यायालयों के निर्देशों के अनुसार किया जाता है।

4. अस्थिर प्रावधान प्रतिचक्रीय (काउंटर साइक्लिकल) प्रावधान बफर :

बैंक में अग्रिमों, निवेश तथा सामान्य प्रयोजनों हेतु अच्छे समय में प्रतिचक्रीय प्रावधान बफर तथा अस्थायी प्रावधानों के सृजन एवं उपयोग की नीति विद्यमान है। सृजन किए जाने वाले इन अस्थायी प्रावधान एवं प्रतिचक्रीय प्रावधान बफर की मात्रा का निर्धारण वित्त वर्ष के अंत में किया जाता है। इन प्रावधानों का उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति से नीति में निर्धारित असाधारण परिस्थितियों के अधीन सिर्फ आकस्मिकताओं के लिए ही किया जाएगा।

5. देशवार ऋण-जोखिम के लिए प्रावधान:

आस्ति वर्गीकरण की स्थिति के अनुरूप किए गए विशिष्ट प्रावधानों के अतिरिक्त पृथक देशवार ऋण जोखिम (निजी देश के अलावा) के लिए प्रावधान किए गए हैं। इन देशों का वर्गीकरण सात जोखिम श्रेणियों यथा - नगण्य, कम, सामान्य, अधिक, अत्यधिक, प्रतिबंधित एवं ऋण में शामिल न होने वाले वर्गों में किया गया है तथा यह प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। यदि प्रत्येक देश से संबंधित बैंक का देशवार ऋण जोखिम (निवल) कुल निधिक आस्तियों के 1% से अधिक नहीं होता है, तो ऐसे देशवार ऋण जोखिम पर कोई प्रावधान नहीं रखा जाता है। इस प्रावधान को तुलनपत्र की अनुसूची 5 के "अन्य देयताएं और प्रावधान - अन्य" शीर्ष के अंतर्गत दर्शाया गया है।

6. डेरीवेटिव्स:

6.1 बैंक तुलनपत्र की/तुलनपत्र इतर आस्तियों और देयताओं के लिए बचाव-व्यवस्था करने या इनके क्रय-विक्रय के प्रयोजन से डेरीवेटिव्स संविदाएं जैसे विदेशी मुद्रा आप्शन, ब्याज दर अदला-बदली, मुद्रा अदला-बदली, पारस्परिक मुद्रा ब्याज दर अदला-बदली और वायदा दर करार निष्पादित करता है। तुलनपत्र की आस्तियों और देयताओं के लिए बचाव-व्यवस्था करने के प्रयोजन से निष्पादित की जाने वाली विनिमय संविदाएं इस प्रकार तैयार की जाती हैं कि तुलनपत्र की अंतर्निहित मदों का प्रभाव प्रतिकूल और प्रति संतुलनकारी हो। इन डेरीवेटिव लिखतों का प्रभाव अंतर्निहित आस्तियों के क्रय-विक्रय पर निर्भर करता है और इसे बचाव-व्यवस्था लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार हिसाब में लिया जाता है।

6.2 बचाव संविदाओं के रूप में वर्गीकृत डेरीवेटिव संविदाओं को प्रोद्भवन आधार पर अंकित किया गया है। बचाव संविदाओं की गणना तब तक बाजार के बही मूल्य के अनुसार नहीं की जाती, जब तक कि अंतर्निहित आस्तियाँ/देयताएं बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित न की गई हों।

6.3 उपर्युक्त के सिवाय, सभी अन्य डेरीवेटिव संविदाएं उद्योग में प्रचलित सामान्यतया मान्य लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित की गई है। बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित डेरीवेटिव संविदाओं के संबंध में बाजार मूल्य में परिवर्तनों को परिवर्तन की अवधि में लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है। डेरीवेटिव संविदाओं के अंतर्गत प्राप्य राशि, जो 90 दिनों से अधिक समय के लिए अतिदेय रहती है, को लाभ और हानि खाते से "उचंत खाता कुल प्राप्य राशियाँ" में प्रतिवर्तित किया गया है। ऐसे मामलों में जहां डेरिवेटिव संविदाएं भविष्य में और अधिक निपटान के अवसर प्रदान करती हैं और यदि ये डेरिवेटिव संविदा के अतिदेय प्राप्य राशियाँ 90 दिनों से अधिक समय तक अदत्त रहने के कारण समाप्त न हो गई हो, तो भावी आगमों से संबंधित सकारात्मक एमटीएम को भी लाभ और हानि खाते से "उचंत खाता सकारात्मक एमटीएम " में प्रतिवर्तित किया जाता है।

6.4 संदत्त या प्राप्त ऑप्शन प्रीमियम को ऑप्शन अवधि की समाप्ति पर लाभ और हानि खाते में अंकित किया गया है। विक्रय किए गए ऑप्शनों पर प्राप्त प्रीमियम और क्रय किए गए ऑप्शनों पर संदत्त प्रीमियम की शेष राशि का फॉरेक्स ओवर द काउंटर ऑप्शनों के लिए बाजार मूल्य पर परिकलन करके बही में शामिल किया गया है।

6.5 सौदों के उद्देश्य से बाजार (एक्सचेंज) में क्रय-विक्रय किए जाने वाले डेरीवेटिवों में किए गए निवेश को बाजार द्वारा दी गई प्रचलित बाजार दरों के अनुसार मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ तथा हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया है।

7. अचल आस्तियाँ, मूल्यह्रास और परिशोधन :

7.1 अचल आस्तियों का अंकन लागत में से संचित मूल्यह्रास/परिशोधन घटाकर किया गया है। पुनर्मूल्यांकन की तारीख को संचित मूल्यह्रास घटाने के बाद उचित मूल्य होने के कारण पूर्ण स्वामित्व वाले परिसरों का अंकन पुनर्मूल्यांकित राशि पर किया गया है।

7.2 लागत में क्रय लागत तथा समस्त व्यय, जैसे कि स्थान की तैयारी, संस्थापन लागतें और आस्ति पर उसका उपयोग करने से पूर्व अदा किए गया प्रोफेशनल फीस शामिल है। उपयोग की गई आस्तियों पर वहन किए गए अनुवर्ती व्यय/व्ययों को केवल तभी पूंजीकरण किया गया है, जब ये व्यय इन आस्तियों से होने वाले भावी लाभ को या इन आस्तियों की व्यावहारिक क्षमता को बढ़ाते हैं। देशी कार्यालयों की अचल आस्तियों का मूल्यह्रास आस्तियों की उपयोगिता अवधि के आधार पर निम्नानुसार सीधी रेखा पद्धति पर किया गया है :

क्र. सं.	अचल आस्तियों का विवरण	उपयोगिता अवधि मूल्यह्रास
1	कंप्यूटर	3 वर्ष
2	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का अभिन्न अंग है	3 वर्ष
3	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का अभिन्न अंग नहीं है और सॉफ्टवेयर विकसित करने का खर्च	3 वर्ष
4	ऑटोमेटेड टैलर मशीन/कैश डिपॉजिट मशीन/ क्वाइन डिस्पेंसर/क्वाइन वेंडिंग मशीन	5 वर्ष
5	सर्वर	4 वर्ष
6	नेटवर्क उपकरण	5 वर्ष
7	अन्य प्रमुख अचल आस्तियां :	
	परिसर	60 वर्ष
	वाहन	5 वर्ष
	सुरक्षित जमा लॉकर	20 वर्ष
	फर्नीचर व फिक्सचर	10 वर्ष

7.3 वर्ष के दौरान देशी परिचालनों से प्राप्त आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास वर्ष में आस्ति का उपयोग करने के दिनों के अनुपात के आधार पर प्रभारित किया गया है।

7.4 आस्तियाँ जिनमें से प्रत्येक का मूल्य ₹1000/- से कम था, उन्हें क्रय वर्ष में ही बट्टे खाते में डाल दिया गया है।

7.5 पट्टाकृत परिसरों से संबद्ध पट्टा प्रीमियम, यदि कोई हो तो, को पट्टा अवधि में (परिसर एवं बेमियादी पट्टे पर भूमि को छोड़कर) परिशोधित किया गया है और परिचालन पट्टे पर ली गई आस्तियों के लिए किए गए पट्टा भुगतनों को पट्टे की अवधि में सीधी रेखा आधार पर लाभ एवं हानि खाते में व्यय के रूप में हिसाब में लिया गया है।

7.6 विदेश स्थित कार्यालयों की अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान संबंधित देशों के स्थानीय विनियमों/मानदंडों के अनुसार किया गया है।

7.7 बैंक प्रत्येक तीन वर्षों में पूर्ण स्वामित्व की अचल आस्तियों का पुनर्मूल्यांकन करता है। पुनर्मूल्यांकन के कारण आस्ति के निवल बही मूल्य में वृद्धि को पुनर्मूल्यांकन आरक्षित खाते में जमा किया जाता है। इन्हें लाभ और हानि खाते में नहीं दिखाया जाता है।

पुनर्मूल्यांकित आस्ति के मूल्यह्रास को लाभ एवं हानि खाते को प्रभारित किया जाता है और पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों से अन्य राजस्व आरक्षिति को विनियोजित किया जाता है। पुनर्मूल्यांकित आस्तियों पर मूल्यह्रास पुनर्मूल्यांकन के समय यथामूल्यांकित आस्तियों की शेष उपयोगी अवधि पर किया जाता है।

8. पट्टे :

ऊपर पैरा 3 में निर्धारित किए गए अनुसार आस्ति वर्गीकरण और अग्रिमों के लिए लागू प्रावधानीकरण मानदंड वित्तीय पट्टों पर भी लागू हैं।

9. आस्तियों की अपसामान्यता:

जब कभी घटनाएँ अथवा स्थितियों में परिवर्तन यह संकेत देते हैं कि किसी आस्ति की रखाव राशि की वसूली संदिग्ध है, तो ऐसी स्थिति में अचल आस्तियों की अपसामान्यता की समीक्षा की जाती है। धारित और प्रयुक्त आस्तियों की वसूली हो पाएगी या नहीं इसे मापने के लिए आस्ति की रखाव राशि की तुलना आस्ति द्वारा अपेक्षित भविष्यगत निवल बट्टाकृत नकदी प्रवाह से करके ज्ञात की जाती है। यदि ऐसी आस्तियों को अपसामान्यता के योग्य पाया जाता है, तो अपसामान्यता का माप उस राशि के आधार पर किया जाता है, जो आस्ति की रखाव राशि और उसके उचित मूल्य के बीच का अंतर होता है।

10. विदेशी मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का प्रभाव:

1. विदेशी मुद्रा लेनदेन :

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तिथि को सूचित मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर की विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में प्रारंभिक निर्धारण पर दर्ज किया गया है।

ii. विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों की सूचना भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (एफईडीएआई) द्वारा अधिसूचित अंतिम (हाजिर/वायदा))दरों का प्रयोग करके दी गई है।

iii. विदेशी मुद्रा गैर मौद्रिक मदों, जो अवधिगत लागत के आधार पर ली गई हैं, की सूचना लेनदेन की तिथि को प्रचलित मुद्रा विनिमय दरों का प्रयोग करके दी गई है।

iv. विदेशी मुद्रा में मूल्यांकित आकस्मिक देयताओं की सूचना एफईडीएआई की अंतिम हाजिरी दर का प्रयोग करके दी गई है।

v. व्यवसाय के लिए रखी गई बकाया विदेशी मुद्रा हाजिर तथा वायदा संविदाओं को इनकी निर्धारित परिपक्वता के लिए एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय दरों पर पुनर्मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

vi. उन विदेशी मुद्रा वायदा संविदाओं, जो व्यवसाय के लिए अपेक्षित नहीं हैं और तुलनपत्र की तिथि को बकाया हैं, का अंतिम हाजिर दर पर पुनः मूल्यांकन किया गया है। ऐसी वायदा विनिमय संविदा के प्रारंभ से उद्भूत प्रीमियम या बट्टे को संविदा की परिपक्वता अवधि के व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया गया है।

vii. मौद्रिक मदों के निपटान से उद्भूत विनिमय अंतर राशियों को आरंभ से दर्ज की गई दरों से भिन्न दरों पर उस अवधि, जिसमें ये दरें उद्भूत हुई हैं, की आय या व्यय के रूप में निर्धारित किया गया है।

viii. मुद्रा वायदा व्यापार में विदेशी मुद्रा दरों की खुली स्थिति में हुए परिवर्तनों के कारण हुए लाभ/हानि को विदेशी मुद्रा समाशोधन गृह से प्रतिदिन निर्धारित किया जाता है और इस लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

10.2 विदेशी परिचालन :

बैंक की विदेश स्थित शाखाओं और समुद्रपारीय बैंकिंग इकाइयों (ओ बी यू) को गैर-समाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और प्रतिनिधि कार्यालयों को समाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

क. गैर-समाकलित परिचालन:

i. असमाकलित विदेशी परिचालनों की मौद्रिक और गैर-मौद्रिक दोनों विदेशी मुद्रा आस्तियों एवं देयताओं तथा आकस्मिक देयताओं को तुलनपत्र तिथि को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है।

ii. असमाकलित विदेशी परिचालनों की आय एवं व्यय को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित तिमाही की औसत अंतिम दर पर परिवर्तित किया गया है।

iii. निवेश का निपटान होने तक असमाकलित विदेशी परिचालनों से उद्भूत विनिमय अंतर- राशियों का संचयन विदेशी मुद्रा रूपांतरण आरक्षिति में किया गया है।

iv. विदेशी कार्यालयों की विदेशी मुद्रा में आस्तियां और देयताएं (विदेश स्थित कार्यालयों की स्थानीय मुद्रा के अलावा) तुलनपत्र की तिथि उस देश पर लागू हाजिर दर का प्रयोग करते हुए स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित किया गया है।

ख. समाकलन परिचालन:

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तिथि को सूचित मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर की विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में प्रारंभिक निर्धारण पर दर्ज किया गया है।

ii. समाकलित विदेशी परिचालनों की मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को तुलनपत्र की तिथि को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों (हाजिरी/वादा) पर रूपांतरित किया गया है और परिणामी लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है। आकस्मिक देयताएं हाजिर (स्पॉट) दर पर रूपांतरित की गई हैं।

iii. विदेशी मुद्रा गैर मौद्रिक मदों, जो अवधिगत लागत के आधार पर ली गई हैं, की सूचना लेनदेन की तिथि को प्रचलित मुद्रा विनिमय दरों का प्रयोग करके दी गई है।

11. कर्मचारी हितलाभ :

11.1 अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ :

अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ यथा चिकित्सा हितलाभ, जिसको कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा के विनिमय में प्रदान किया जाना अपेक्षित है, जैसे अल्पावधि कर्मचारी हितलाभों की गैर-बट्टाकृत राशियों को कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा अवधि के दौरान हिसाब में लिया गया है।

11.2 दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ:

i. नियत हितलाभ योजनाएं :

क. बैंक भविष्य निधि योजना का परिचालन करता है। सभी पात्र कर्मचारी बैंक की भविष्य निधि योजना के अंतर्गत ये हितलाभ प्राप्त करने के हकदार हैं। बैंक निर्धारित दर पर (वर्तमान समय में कर्मचारियों के मूल वेतन एवं पात्र-भत्ते का 10%) मासिक अंशदान करता है। इन अंशदान को, इस उद्देश्य के लिए स्थापित न्यास को प्रेषित कर दिया जाता है तथा इसे लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है। बैंक इस प्रकार के वार्षिक अंशदानों और उस पर ब्याज को संबंधित वर्ष के संदर्भ में व्यय मानता है। यदि कोई कमी हो, तो बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर उसका प्रावधान किया जाता है।

ख. बैंक, ग्रेच्युटी और पेंशन जैसी नियत हितलाभ योजनाएँ परिचालित करता है। बैंक सभी पात्र कर्मचारियों को ग्रेच्युटी प्रदान करता है। यह हितलाभ कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति या नौकरी के दौरान मृत्यु हो जाने या नौकरी की समाप्ति पर एकमुश्त राशि के भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है। यह राशि बैंक की सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए देय 15 दिनों के मूल वेतन के समतुल्य राशि होती है, जो सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित उच्चतम सीमा के अध्यधीन रहती है। यह हितलाभ सेवा के पांच वर्ष पूरे होने पर ही प्राप्त होता है। बैंक इस राशि का आवधिक अंशदान, वार्षिक स्वतंत्र बाह्य बीमांकिक मूल्यन के आधार पर न्यासियों द्वारा नियंत्रित निधि में करता है।

ग. बैंक सभी पात्र कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करता है। यह हितलाभ नियमानुसार मासिक भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है और यह भुगतान कर्मचारियों को नियमानुसार उनकी सेवानिवृत्ति, नौकरी के दौरान मृत्यु होने या नौकरी की समाप्ति पर किया जाता है। यह हितलाभ नियमों के अनुसार विभिन्न चरणों में प्राप्त होता है। बैंक एसबीआई पेंशन निधि नियमों के अनुसार पेंशन निधि में वेतन के 10% का मासिक अंशदान करता है। पेंशन-देयता की गणना वार्षिक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यन के आधार पर की जाती है और बैंक आवश्यक होने पर पेंशन विनियमों के अंतर्गत हितलाभों के भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए आवधिक आधार पर इस निधि में अतिरिक्त अंशदान करता है।

घ. नियत हितलाभ प्रदान करने संबंधी लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि पर अग्रनीत बीमांकिक मूल्यन के आधार पर अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से किया जाता है। बीमांकिक लाभ/हानि को लाभ और हानि में तुरंत शामिल कर दिया जाता है और उन्हें आस्थगित नहीं किया जाता है।

ii. नियत अंशदान योजना :

बैंक ने 01 अगस्त 2010 को या उसके बाद बैंक में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक नई पेंशन योजना लागू की है, जो एक नियत अंशदान योजना है और ऐसे नए कर्मचारी बैंक की वर्तमान पेंशन योजना के सदस्य बनने के पात्र नहीं हैं। इस योजना के तहत आने वाले कर्मचारी, अपने मूल वेतन एवं महंगाई भत्ते की 10% राशि को अंशदान के रूप में जमा करेंगे और इतनी ही राशि बैंक अपनी ओर से देगा। संबंधित कर्मचारी की पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने तक इन अंशदानों को बैंक में जमा रखा जाएगा एवं इस जमा पर किसी चालू भविष्य निधि खाते के समकक्ष ब्याज दिया जाएगा। बैंक इन वार्षिक अंशदानों एवं इन पर दिए जाने वाले ब्याज को संबंधित वर्ष के खर्च के रूप में परिगणित करता है। स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या की प्राप्ति पर समेकित अंशदान राशि को एनपीएस न्यास में अंतरित कर दिया जाता है।

iii. अन्य दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ :

क. बैंक का प्रत्येक पात्र कर्मचारी प्रतिपूरित अनुपस्थिति, रजत जयंती सम्मान और अवकाश यात्रा-रियायत, सेवानिवृत्ति लाभ और पुनर्वासन भत्ते का पात्र होता है। इस प्रकार के दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ की लागत के लिए निधि बैंक द्वारा आंतरिक स्रोत से उपलब्ध कराई जाती है।

अन्य दीर्घावधि हितलाभ के प्रावधान की लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि को बीमांकिक मूल्यन की अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से किया जाता है। पूर्ववर्ती सेवा लागत को लाभ और हानि में तुरंत शामिल कर दिया जाता है और उन्हें आस्थगित नहीं किया जाता है।

11.3 विदेश स्थित कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के कर्मचारी हितों को संबंधित देशों के स्थानीय कानूनों/विनियमों के अनुसार मूल्यांकित एवं लेखांकित किया जाता है।

12. खंड रिपोर्टिंग

बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक 17 के अनुसार व्यवसाय खंड को प्राथमिक रिपोर्ट खंड तथा भौगोलिक खंड को गौण रिपोर्टिंग खंड के रूप में मानता है।

13. आय पर कर :

समूह द्वारा भुगतान की गई वर्तमान कर, आस्थगित कर तथा अनुषंगी लाभ कर प्रभार की कुल राशि आयकर व्यय होता है। चालू वर्ष के कर तथा आस्थगित कर का निर्धारण आयकर अधिनियम 1961 तथा लेखामानक 22, जो "आय पर कर लेखा" से संबंधित है, ऐसा करते समय विदेश स्थित कार्यालयों द्वारा संबंधित देशों के कर नियमों के अनुसार भुगतान किए गए कर को भी शामिल किया जाता है। आस्थगित कर समायोजनों में वर्ष के दौरान आस्थगित कर आस्तियों या देयताओं में हुए परिवर्तन भी समाविष्ट हैं। आस्थगित कर-आस्तियों और देयताओं का आकलन वर्तमान वर्ष की कर योग्य आय और लेखा आय तथा अग्रनीत हानि के बीच के अवधिगत अंतर के प्रभाव पर विचार करते हुए किया गया है।

आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं को कर दरों और कर नियमों द्वारा आंका जाता है, जो तुलन पत्र की तिथि को लागू है। आस्थगित आस्तियों और देयताओं में हुए परिवर्तन का प्रभाव लाभ और हानि खाते में प्रकट किया जाता है। आस्थगित कर आस्तियों का अभिज्ञान प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर प्रबंध-मंडल के विवेक के आधार पर किया जाता है कि क्या उनकी वसूली होने की संभावना है/होना निश्चित है। आस्थगित कर आस्तियों को अनवशोषित मूल्यह्रास और कर घाटा के रूप में आगे तभी लिया जाए जब यह निश्चित रूप से प्रमाण द्वारा समर्थित हो कि इस तरह की आस्थगित कर संपत्ति को भविष्य के लाभ के रूप में वसूल किया जा सकता है।

समेकित वित्तीय विवरण में आय कर पर खर्च मुख्य एवं अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों द्वारा कर पर खर्च का लागू विनियमों के अनुरूप कुल योग है।

14. प्रति शेयर आय:

14.1 बैंक आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक-20 "प्रति शेयर आय" के अनुसार प्रति शेयर मूल और कम हुई आय सूचित करता है। प्रति शेयर मूल आय की गणना ईक्विटी शेयरधारकों को प्राप्य उस वर्ष के कर पश्चात निवल लाभ को उस वर्ष के लिए शेष ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

14.2 कम की हुई प्रति शेयर आय से वह संभावित कमी सूचित होती है, जो ईक्विटी शेयरों को जारी करने हेतु प्रतिभूतियों अथवा अन्य संविदाओं को वर्ष के दौरान जारी करने या संपरिवर्तित करने का पर घटती है। कम की हुई प्रति शेयर आय की गणना ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और कम संभावना वाले ईक्विटी शेयरों के बीच तुलना करके की जाती है।

15. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां:

15.1 भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के द्वारा जारी लेखा मानक 29 "प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक आस्तियाँ" के अनुरूप बैंक प्रावधान को तभी मानता है, जब उसमें पिछली घटना के परिणामस्वरूप वर्तमान दायित्व उत्पन्न हुआ हो और इससे देयता की पूर्ति करने के लिए आर्थिक लाभों से जुड़े संसाधनों का संभावित बहिर्गमन हो तथा जब देयता की राशि का सही आकलन किया जा सके।

15.2 निम्नलिखित के लिए किसी प्रावधान का समावेश नहीं किया गया है:

i. पिछले परिणाम से उद्भूत किसी संभावित दायित्व के लिए और बैंक के नियंत्रण से बाहर होने वाले एक या अधिक अनिश्चित भावी परिणामों की प्राप्ति या अप्राप्ति से जिसकी पुष्टि की जा सकेगी, अथवा

ii. किसी वर्तमान दायित्व के लिए, जो पिछले परिणामों से उद्भूत है, किंतु उसे अभिज्ञान में नहीं लिया गया है, क्योंकि:-

क. यह संभव नहीं है कि दायित्व की पूर्ति हेतु आर्थिक लाभों से जुड़े संसाधनों का बहिर्गमन आवश्यक होगा, अथवा

ख. दायित्व की पूर्ति हेतु राशि का सही आकलन नहीं किया जा सकता।

ऐसे दायित्वों को आकस्मिक देयताओं के रूप में दर्ज किया गया है। इन दायित्वों का मूल्यांकन नियमित अंतरालों पर किया जाता है। केवल उन अपवादात्मक परिस्थितियों जहां, कोई सही आकलन नहीं किया जा सकता, को छोड़कर ऐसे दायित्व के केवल उस अंश के लिए प्रावधान किया जाता है, जिसके आर्थिक लाभों से जुड़े संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना है।

15.3 बैंक के डेबिट कार्डधारकों को दिए जाने वाले रिवार्ड प्वाइंट्स के लिए प्रावधान बीमांकिक के आकलन के अनुसार किया जा रहा है।

15.4 दुर्वह संविदाओं के लिए प्रावधान तभी किया जाता है, जब किसी संविदा से बैंक को प्राप्त होने वाले संभावित लाभ संविदा के अंतर्गत भावी देयताओं की पूर्ति के अपरिहार्य व्ययों से कम हो। प्रावधान राशि का निर्धारण संविदा को समाप्त करने के संभावित न्यूनतम व्यय के वर्तमान मूल्य एवं संविदा को जारी रखने के संभावित निवल व्यय पर किया जाता है। प्रावधान की राशि का निर्धारण करने से पूर्व बैंक संविदा से जुड़ी आस्तियों पर नुकसान को हिसाब में लेता है।

15.5 आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में शामिल नहीं किया गया है।

16. सर्राफा लेनदेन:

बैंक अपने ग्राहकों को बेचने के लिए परेषण आधार पर बहुमूल्य धातु बारों समेत सर्राफा का आयात करता है। ये आयात सामान्यतः दुतरफा आधार पर होते हैं और ग्राहकों के लिए इनकी कीमत आपूर्तिकर्ता द्वारा मांगी गई कीमत के आधार पर तय होती है। बैंक इस तरह के सर्राफा लेनदेन पर शुल्क के रूप में आय प्राप्त करता है। इस शुल्क की गणना कमीशन आय के अंतर्गत होती है। बैंक सोना जमा करने के लिए लेता है और इस पर उधार भी देता है, जिसे जमा/अग्रिम (जो भी हो) माना जाता है। इसमें भुगतान किए

गए/प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/आय के रूप में श्रेणीबद्ध किया जाता है। स्वर्ण जमा, धातु ऋण अग्रिम तथा अंतिम स्वर्ण शेष को तुलन-पत्र की तिथि पर उपलब्ध बाजार दर पर मूल्य निर्धारित किया जाता है।

17. विशेष आरक्षित निधियां:

राजस्व एवं अन्य आरक्षित निधियों में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (i) (viii) के अंतर्गत सृजित विशेष आरक्षित निधि भी शामिल है। बैंक के निदेशक मंडल ने एक संकल्प पारित कर इस आरक्षित निधि के सृजन के लिए अनुमोदन किया है और यह भी पुष्टि की है कि उसका इस विशेष आरक्षित निधि से आहरण करने की कोई मंशा नहीं है।

18. शेयर निर्गम व्यय :

शेयर निर्गम व्ययों को शेयर प्रीमियम खाते को प्रभारित किया जाता है।

19. नकद एवं नकद समतुल्य

नकद एवं नकद समतुल्य में भारतीय रिज़र्व बैंक के पास का नकद एवं शेष, बैंकों में शेष तथा मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय धन शामिल है।

अनुसूची 18 लेखा टिप्पणियां :

1. **उन अनुषंगियों/ संयुक्त उद्यमों/ सहयोगियों की सूची जिन्हें शामिल करके समेकित वित्तीय विवरण तैयार किया गया है:**

1.1 27 अनुषंगियों, 8 संयुक्त उद्यम और 17 एसोसिएट्स 14 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित जो वर्ष के दौरान विलय /एक्जिट की संबंधित तिथियों तक/ से (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य संस्था के साथ-साथ समूह का गठन) समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में शामिल किया गया है, वे हैं

क. अनुषंगियाँ :

क्र. सं.	अनुषंगी का नाम	निगमन-देश	समूह की हिस्सेदारी का (%)	
			वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष *
1)	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
2)	एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
3)	एसबीआईकैप ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
4)	एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
5)	एसबीआईकैप (सिंगापुर) लिमिटेड	सिंगापुर	100.00	100.00
6)	एसबीआई डीएफएचआई लिमिटेड	भारत	72.17	72.17
7)	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लिमिटेड	भारत	86.18	86.18
8)	एसबीआई इंफ्रा मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
9)	एसबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
10)	एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड @	भारत	74.00	74.00
11)	एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड	भारत	92.58	92.60
12)	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	भारत	55.50	57.60
13)	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड @	भारत	70.00	70.00
14)	एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड	भारत	69.39	69.51
15)	एसबीआई-एसजी ग्लोबल सिक्योरिटीज सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड @	भारत	65.00	65.00
16)	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड @	भारत	62.88	63.00
17)	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (इंटरनेशनल) प्राइवेट लिमिटेड @	मॉरीशस	62.88	63.00
18)	वाणिज्यिक इंडो बैंक एलएलसी, मास्को @	रूस	60.00	60.00
19)	बैंक एसबीआई बोत्सवाना लिमिटेड	बोत्सवाना	100.00	100.00
20)	एसबीआई कनाडा बैंक	कनाडा	100.00	100.00
21)	भारतीय स्टेट बैंक (कैलिफोर्निया)	अमेरिका	100.00	100.00
22)	भारतीय स्टेट बैंक (यूके) लिमिटेड	यूके	100.00	100.00
23)	भारतीय स्टेट बैंक सर्विकोस लिमिटाडा	ब्राज़ील	100.00	100.00
24)	एसबीआई (मॉरीशस) लिमिटेड	मॉरीशस	96.60	96.60
25)	पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	इंडोनेशिया	99.00	99.00
26)	नेपाल एसबीआई बैंक लिमिटेड	नेपाल	55.00	55.00
27)	नेपाल एसबीआई मर्चेंट बैंकिंग लिमिटेड	नेपाल	55.00	55.00

@ उन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है जो शेयरधारकों के समझौते के संदर्भ में संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाएं हैं। हालाँकि, इन्हें एएस 21 "समेकित वित्तीय विवरण" के अनुसार सहायक कंपनियों के रूप में समेकित किया गया है क्योंकि इन कंपनियों में एसबीआई की हिस्सेदारी 50% से अधिक है।

* पिछले साल एसबीआईकैप (यूके) लिमिटेड (सब्सिडियरी) भी समेकित, जिसका संचालन 30.11.2019 को बंद कर दिया गया था .

ख. संयुक्त उद्यम:

क्र. सं.	संयुक्त उद्यम का नाम	निगमन देश	समूह की हिस्सेदारी का (%)	
			वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1)	सी - एज टेक्नोलॉजीस लिमिटेड	भारत	49.00	49.00
2)	एसबीआई मैक्वेरी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रालि लि.	भारत	45.00	45.00
3)	एसबीआई मैक्वेरी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्राइवेट लि.	भारत	45.00	45.00
4)	मैक्वेरी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट पीटीई लि..	सिंगापुर	45.00	45.00
5)	मैकवेरी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी लिमिटेड	बेरमुड़ा	45.00	45.00
6)	ओमान इंडिया ज्वाइंट इन्वेस्टमेंट फंड - मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	भारत	50.00	50.00
7)	ओमान इंडिया ज्वाइंट इन्वेस्टमेंट फंड - ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	भारत	50.00	50.00
8)	जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड	भारत	30.00	30.00

ग. सहयोगी:

क्र. सं.	संयुक्त उद्यम का नाम	निगमन देश	समूह की हिस्सेदारी का (%)	
			वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1)	आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक	भारत	35.00	35.00
2)	अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
3)	छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
4)	एलाकाई देहती बैंक	भारत	35.00	35.00
5)	मध्यांचल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
6)	मेघालय ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
7)	मिजोरम ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
8)	नागालैंड ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
9)	सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
10)	उत्कल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
11)	उत्तराखंड ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
12)	झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
13)	राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
14)	तेलंगाना ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
15)	दि क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	भारत	20.05	20.05
16)	यस बैंक लिमिटेड	भारत	30.04	48.21
17)	बैंक ऑफ भूटान लिमिटेड	भूटान	20.00	20.00

* पिछले वर्ष में, पूर्वांचल बैंक भी समेकित हुआ। इन्हें एसबीआई द्वारा प्रायोजित नहीं किए गए आरआरबी में विलय कर दिया गया है. कृपया नीचे नोट नंबर 1.1(च) देखें जिसमें एसबीआई द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों(आरआरबी) के विलय से संबंधित विवरण है।

क. जुलाई 2020 के महीने में, एसबीआई और उसकी सहायक कंपनी ने फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर के माध्यम से यस बैंक लिमिटेड (एक सहयोगी) के इक्विटी शेयरों में ₹ 3,176 करोड़ का निवेश किया है। फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर के बाद यस बैंक लिमिटेड में एसबीआई ग्रुप की हिस्सेदारी घटकर 34.71 फिसदी रह गई। एएस 23 की आवश्यकताओं के अनुसार, यस बैंक लिमिटेड की शुद्ध संपत्ति में निवेश की गई राशि और एसबीआई समूह की हिस्सेदारी में वृद्धि के बीच अंतर को पूंजी आरक्षित में समायोजित किया गया है।

इसके बाद, एसबीआई की सहायक कंपनी ने यस बैंक लिमिटेड के शेयरों का एक निश्चित हिस्सा बेच दिया है। यस बैंक लिमिटेड में एसबीआई समूह की हिस्सेदारी 31 मार्च, 2021 को 30.04% है। यस बैंक लिमिटेड में शेयरों की बिक्री का प्रभाव 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ में हुआ है।

ख. जून 2020 के महीने में, एसबीआई ने एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (सब्सिडरी) में अपनी 2.10% हिस्सेदारी बेची। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में एसबीआई ग्रुप की हिस्सेदारी 57.60% से घटकर 55.50% हो गई है।

ग. अनुमोदित कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) के तहत विकल्पों का प्रयोग करने के अनुसरण में, निम्नलिखित समूह संस्थाओं ने अपने पात्र कर्मचारियों को इक्विटी शेयर जारी किए हैं:

क. एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹ 1.57 करोड़ की राशि के 15,68,662 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। नतीजतन, एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड में एसबीआई समूह की हिस्सेदारी 69.51% से घटकर 69.39% हो गई है।

ख. एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹ 0.09 करोड़ की राशि के 9,24,692 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं।. नतीजतन, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड में एसबीआई समूह की हिस्सेदारी 63.00% से घटकर 62.88% हो गई है। नतीजतन, अप्रत्यक्ष पद्धति का उपयोग करते हुए, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (इंटरनेशनल) प्राइवेट लिमिटेड और एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड में एसबीआई समूह की हिस्सेदारी क्रमशः 62.88% और 92.58% तक कम हो गई है।

ग. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹ 0.04 करोड़ की राशि के 44,613 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। नतीजतन, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में एसबीआई समूह की हिस्सेदारी 0.001% कम हो गई है।

घ. 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान, एसबीआई ने निम्नलिखित संस्थाओं में अतिरिक्त पूंजी का निवेश किया है:

क. भारतीय स्टेट बैंक (कैलिफ़ोर्निया), सब्सिडरी कंपनी में 0.32 करोड़;

ख. मध्यांचल ग्रामीण बैंक, एक सहयोगी में ₹ 5.31 करोड़।

उक्त पूंजी डालने के बाद भी एसबीआई समूह की हिस्सेदारी वही रहती है।

ङ. 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लिमिटेड में 50 मिलियन जीबीपी की टियर -2 पूंजी को इक्विटी शेयरों में परिवर्तित किया गया था।

च. भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, एसबीआई द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) और अन्य बैंकों द्वारा प्रायोजित आरआरबी के बीच निम्नलिखित समामेलन हुआ है:

	ट्रांसफर करने वाले आरआरबी का नाम	ट्रांसफर करने वाले आरआरबी का प्रायोजक बैंक	समामेलन के बाद आरआरबी का नया नाम	ट्रांसफरी आरआरबी का प्रयोजक बैंक का नाम	समामेलन की प्रभावी तिथि
1.	बड़ोदा उत्तरप्रदेश ग्रामीण बैंक	बैंक ऑफ बड़ौदा	बड़ौदा यूपी बैंक	बैंक ऑफ बड़ौदा	अप्रैल 01, 2020
2.	काशी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया			
3.	पूर्वांचल बैंक	भारतीय स्टेट बैंक			

वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) के दिनांक 08 जुलाई, 2019 के पत्र के अनुसार, प्रायोजक बैंकों की हिस्सेदारी का हस्तांतरण शेयरों के अंकित मूल्य पर हुआ है और इसके परिणामस्वरूप, 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान, रुपये का नुकसान हुआ है। 254.41 करोड़ को समेकित वित्तीय विवरणों में "अन्य आय" शीर्ष के तहत मान्यता दी गई है।

छ. एसबीआईसीएपी (सिंगापुर) लिमिटेड और बैंक एसबीआई बोत्सवाना लिमिटेड के वित्तीय विवरण असतत आधार पर तैयार किए गए हैं, हालांकि लेखांकन आधार को असतत आधार पर बदलने से वित्तीय विवरण पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं है। विवरण इस प्रकार है: -

- 25 मार्च, 2021 को, एसबीआईकैप (सिंगापुर) लिमिटेड, एसबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि कंपनी (i) सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) द्वारा जारी पूंजी बाजार सेवा लाइसेंस (सीएमएसएल) को सरेंडर करेगी। और (ii) सीएमएसएल के आत्मसमर्पण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सदस्य के स्वैच्छिक समापन के माध्यम से व्यवसाय की समाप्ति की प्रक्रिया शुरू करना.
- बैंक एसबीआई बोत्सवाना लिमिटेड, एसबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, 30 जून, 2021 तक अपने बैंकिंग लाइसेंस को सरेंडर करने और परिचालन बंद करने का इरादा रखती है। तदनुसार, 31 मार्च, 2021 को समाप्त चालू वर्ष के अनुसार, बैंक एसबीआई बोत्सवाना लिमिटेड ने अपने ग्राहक ऋण और अग्रिम और ग्राहक जमा देनदारियों को सामान्य बैंकिंग शर्तों पर इस तरह के हस्तांतरण से संबंधित किसी अन्य स्थानीय बैंक को अंततः भारत सरकार के स्वामित्व में स्थानांतरित कर दिया है।

31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए उपरोक्त सहायक कंपनियों की कुल संपत्ति, कुल आय और कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि) निम्नानुसार है-

₹ करोड़ में

विवरण	बैंक एसबीआई बोत्सवाना लिमिटेड	एसबीआई सीएपी (सिंगापुर) लिमिटेड
कुल आस्तियां	60.24	81.44
कुल आय	1.54	9.59
कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि)	(4.17)	(1.07)

ज. एसबीआई होम फाइनेंस लिमिटेड, एक सहयोगी जिसमें एसबीआई की 25.05% हिस्सेदारी है, परिसमापन के अधीन है और इसलिए, लेखा मानक 21 के अनुसार समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में समेकन के लिए विचार नहीं किया जा रहा है।

झ. चूंकि एसबीआई फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी कंपनी है [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 7(2) के तहत शामिल], एसबीआई फाउंडेशन को लेखा मानक 21 के अनुसार समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में समेकन के लिए विचार नहीं किया जा रहा है।.

1.2 समूह के वित्तीय वर्ष 2020-21 के समेकित वित्तीय विवरणों में एक सहायक (एसबीआई कनाडा बैंक) और एक सहयोगी (बैंक ऑफ भूटान लिमिटेड) के अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरण शामिल हैं, जिसके परिणाम महत्वपूर्ण नहीं हैं।.

2. लेखा मानकों के अनुसार प्रकटीकरण

2.1 लेखा मानक 5 - "अवधि के लिए शुद्ध लाभ या हानि, पूर्व अवधि की मदें और लेखा नीतियों में परिवर्तन "

- वर्ष के दौरान, मैटिरियल पूर्व अवधि आय/व्यय के कोई मद नहीं थे.
- पिछले वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान अपनाई गई महत्वपूर्ण लेखा नीतियों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

2.2 लेखा मानक- 15 "कर्मचारी हित लाभ":

2.2.1नियत हितलाभ योजनाएं

2.2.1.1 कर्मचारी पेंशन योजनाएँ और ग्रेच्युटी योजनाएँ

प्रबंध निदेशक (आईबी, टी एवं एस)	प्रबंध निदेशक (आर, सी एवं एसएआरजी)	प्रबंध निदेशक (सीबी एवं जीएम)	प्रबंध निदेशक (आर एवं डीबी)

इसी तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी

सनदी लेखाकार

फर्म पं.सं. 105049W

श्री दिनेश कुमार खारा

अध्यक्ष

श्री अल्पेश वाघेला

पार्टनर

सदस्य संख्या. : 142058

मुंबई

दिनांक : 21 मई 2021

भारतीय स्टेट बैंक

31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरण

(000s को छोड़ दिया गया है)

विवरण		31.03.2021 को समाप्त वर्ष	31.03.2020 को समाप्त वर्ष
परिचालन कार्यकलाप से नकदी प्रवाह			
कर पूर्व निवल लाभ /(हानि) (अनुषंगियों के लाभ के हिस्से एवं अल्पांश हित सहित		30921,70,78	31907,55,94
समायोजन:			
अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास		3711,06,36	3661,55,85
अचल आस्तियों के विक्रय पर (लाभ) / हानि (निवल)		28,33,64	28,33,75
निवेश के पुनर्मूल्यांकन पर (लाभ) / हानि (निवल)		5,15,48	-
सहयोगियो, संयुक्त उद्यमों, सहयोगियों में किए गए निवेशों की बिक्री पर (लाभ)/हानि		(1323,43,00)	(5573,62,96)
अनर्जक आस्तियों और उचित मूल्य में आई कमी के लिए प्रावधान		29732,65,29	43848,89,01
मानक आस्तियों पर प्रावधान		3601,32,26	(291,36,52)
निवेशों पर मूल्यह्रास / (मूल्यवृद्धि) के लिए प्रावधान		2820,98,83	626,52,21
आकस्मिक देयताओं के लिए प्रावधान सहित अन्य प्रावधान		9947,19,49	604,65,49
सहयोगियो, के लाभ में हिस्सेदारी		391,90,45	(2963,14,04)
सहयोगियो से प्राप्त लाभांश		(3,19,50)	(14,66,77)
पूंजीगत लिखतों पर पी एडं एल से प्रदत्त ब्याज		5900,31,21	4908,09,07
		85734,01,29	**76742,81,03**
समायोजन :			
जमाराशियों में वृद्धि / (कमी)		441170,61,63	333619,56,43
पूंजीगत लिखतों के अलावा उधार राशियों में वृद्धि / (कमी)		90438,85,18	(89342,80,87)
निवेशों मे वृद्धि / (कमी) अनुषंगियो / संयुक्त उद्यमों / सहयोगियों में किए गए निवेशों को छोड़कर		(368800,15,43)	(100670,42,40)
अग्रिमों में (वृद्धि) / कमी		(156020,45,83)	(191306,40,41)
अन्य देयताओ में वृद्धि / (कमी)		67465,50,14	31602,72,76
अन्य आस्तियों में (वृद्धि) / कमी		(66249,94,63)	(21857,44,26)
		93738,42,35	**38788,02,28**
कर वापसी / (प्रदत्त कर)		(3819,49,34)	(14859,49,11)
परिचालन कार्यकलाप से उत्पन्न / (में प्रयुक्त) निवल नकदी	(क)	**89918,93,01**	**23928,53,17**
निवेश कार्यकलाप से नकदी प्रवाह			
अनुषंगियो / संयुक्त उद्यमों / सहयोगियों में किए गए निवेशों में (वृद्धि) / कमी		(1234,82,60)	(6031,06,06)
अनुषंगियो / संयुक्त उद्यमों / सहयोगियों में किए गए निवेशों की बिक्री पर लाभ/(हानि)		1323,43,00	5573,62,96
अनुषंगियों से प्राप्त लाभांश		3,19,50	14,66,77
अचल आस्तियों में (वृद्धि) / कमी		(3828,02,03)	(3065,01,13)
समेकन से गुडविल में (वृद्धि) / कमी		(59)	184,08,19
निवेश कार्यकलाप से उत्पन्न / (में प्रयुक्त) निवल नकदी	(ख)	**(3736,22,72)**	**(3323,69,27)**

(000s को छोड़ दिया गया है)

विवरण		31.03.2021 को समाप्त वर्ष	31.03.2020 को समाप्त वर्ष
वित्तपोषण कार्यकलाप से नकदी प्रवाह			
शेयर प्रीमियम सहित इक्विटी शेयर के निर्गम से प्राप्त राशि (शेयर जारी करने से संबंधित व्यय छोड़कर)		-	-
पूंजीगत लिखतों का निर्गम / (मोचन) (निवल)		10533,33,60	8495,81,80
पूंजीगत लिखतों पर ब्याज़		(5069,10,88)	(4908,09,07)
कर सहित प्रदत्त लाभांश		-	-
अनुषंगियों/ संयुक्त उद्यमों द्वारा प्रदत्त लाभांश		(3,65,16)	(65,04,00)
अल्पांश हितों में वृद्धि/ कमी		1682,09,46	1906,83,07
वित्तपोषण कार्यकलाप से प्राप्त / (में प्रयुक्त) निवल नकदी	**(ग)**	**7142,67,02**	**5429,51,80**
अंतरण आरक्षित निधियों पर विनिमय परिवर्तनों का प्रभाव	**(घ)**	**66,39,90**	**2768,64,27**
नकदी एवं नकदी समतुल्यों में निवल वृद्धि / (कमी) (क)+(ख)+(ग)+(घ)		**93391,77,21**	**28802,99,97**
01 अप्रैल को नकदी एवं नकदी समतुल्य		**254315,26,36**	**225512,26,39**
वर्ष के अंत में नकदी एवं नकदी समतुल्य		**347707,03,57**	**254315,26,36**
नोट :			
1. नकदी और नकदी समतुल्यों के घटकों की स्थितिः		**31.03.2021**	**31.03.2020**
नकदी और भारतीय रिज़र्व बैंक में जमाराशियां		213498,61,59	166968,46,05
बैंकों के पास जमाराशियां और मांग एवं अल्पसूचना पर प्राप्य राशि		134208,41,98	87346,80,31
योग		**347707,03,57**	**254315,26,36**
2. परिचालन गतिविधियों से प्राप्त नकदी प्रवाह को अप्रत्यक्ष पद्धति से रिपोर्ट किया गया।			

श्री अश्विनी कुमार तिवारी	**श्री स्वामीनाथन जे.**	**श्री अश्वनी भाटिया**	**श्री चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी**
प्रबंध निदेशक (आईबी. टी एवं एस)	प्रबंध निदेशक (आर. सी एवं एसएआरजी)	प्रबंध निदेशक (सीबी एवं जीएम)	प्रबंध निदेशक (आर एवं डीबी)

इसी तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार
कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पं.सं. 105049W

श्री दिनेश कुमार खारा
अध्यक्ष

श्री अल्पेश वाघेला
पार्टनर
सदस्य संख्या. : 142058

मुंबई
दिनांक : 21 मई 2021

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति
निदेशक मंडल,
भारतीय स्टेट बैंक,
स्टेट बैंक भवन
मैडम कामा रोड,
मुंबई-400021

बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

अभिमत

1. हमने भारतीय स्टेट बैंक ("बैंक") के संलग्न समेकित बैंक के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2021 के समेकित तुलनपत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के समेकित लाभ और हानि खाते तथा समेकित नकदी प्रवाह विवरण एवं समेकित महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सारांश तथा इसी तारीख को समाप्त वर्ष की निम्नलिखित की विवरणियों के साथ - साथ अन्य विवरणात्मक सूचना शामिल है:

   क) बैंक के स्टैंडअलोन लेखा परीक्षित परिणाम जिनकी लेखा-परीक्षा सभी 14 केंद्रीय सांविधिक लेखा परीक्षकों के द्वारा की गई है जिनमें हम भी शामिल हैं;

   ख) 26 अनुषंगियों, 8 संयुक्त नियंत्रित इकाइयों और 16 सहयोगियों (14 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सहित) की लेखापरीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों के द्वारा की गई है (अनुलग्नक अ में सूचीबद्ध); और

   ग) 1 अनुषंगी और 1 सहयोगी (अनुलग्नक अ में सूचीबद्ध) के अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरण

   बैंक के उपरोक्त संस्थानों को 'समूह' के संदर्भ में लिया गया है।

   हमारी राय में और हमें उपलब्ध जानकारी के आधार पर और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, और सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और एसोसिएट्स के अलग वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर हमारे विचार के आधार पर तथा अनुषंगियों के अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और अन्य वित्तीय जानकारी के रूप में प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत समेकित वित्तीय विवरण भारत में स्वीकृत लेखा परीक्षा मानकों के अनुरूप हैं और जो निम्नानुसार प्रस्तुत करतें हैं-

   क) 31 मार्च, 2021 की स्थिति के मामले में समेकित तुलन पत्र में समूह की सही और उचित स्थिति;

   ख) इसी तारीख को समाप्त वर्ष के समेकित लाभ व हानि खाते में लाभ की सही जानकारी;

   ग) इसी तारीख को समाप्त वर्ष के समेकित नकदी प्रवाह विवरण की सही और उचित स्थिति

अभिमत का आधार

2. हमने अपनी लेखा परीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार पूरी की है। इन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के समूह के समेकित वित्तीय विवरणों के 'लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारियां' भाग में परिभाषित किया गया है। आईसीएआई द्वारा जारी आचार संहिता और समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा से संबंधित नैतिक अपेक्षाओं के अनुरूप हम समूह से स्वतंत्र हैं तथा हमने अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन इन आवश्यकताओं तथा आचार संहिता के अनुरूप किया है। हम आश्वस्त हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, अपना अभिमत देने के लिए वे पर्याप्त और उचित आधार प्रस्तुत करते हैं।

मामले पर बल

3. कोविड-19 महामारी के प्रभाव के बारे में समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट नंबर 18.10 (28) की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं। स्थिति अभी भी अनिश्चित बनी हुई है और बैंक सामने आने वाली चुनौतियों के संबंध में निरंतर आधार पर स्थिति का मूल्यांकन कर रहा है ।

   इस मामले में हमारी राय में कोई परिवर्तन नहीं है।

महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले

4. महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले वे मामले हैं जो हमारे व्यावसायिक विवेक के अनुसार 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के समेकित बैंक के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन मामलों का समग्र समेकित बैंक के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के परिप्रेक्ष्य में समाधान कर लिया गया है और इनके बारे में जानकारी हमने अपने अभिमत में शामिल कर ली है और हमने इन मामलों पर कोई अलग अभिमत नहीं दिया है। हमने निम्नलिखित मामलों का निर्धारण अत्यंत महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले के रूप में अपनी रिपोर्ट में किया है:

क्र. सं.	महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले	लेखापरीक्षा में किस प्रकार मामलों का समाधान किया गया
बैंक के स्वतंत्र वित्तीय विवरणों में रिपोर्ट किए गए प्रमुख लेखा परीक्षा मामले		
I	अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की पहचान और अनर्जक अग्रिमों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (संदर्भ: वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 की टिप्पणी 3 के साथ पठित अनुसूची 9) अग्रिमों में खरीदे और भुनाए गए बिल, नकदी ऋण, ओवरड्राफ्ट, ऋण मांग पर प्रस्तुत तथा मियादी ऋण शामिल है। इन्हें आगे बैंक/ सरकारी गारंटियों द्वारा आवृत्त मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत (बही ऋण के विरुद्ध अग्रिमों सहित) एवं अप्रतिभूत के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अग्रिमों में बैंक की कुल परिसंपत्तियों का हिस्सा 51.61% है। इन पर अन्य बातों के साथ साथ भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय समय पर जारी आय निर्धारण, परिसंपत्ति वर्गीकरण और प्रावधान मानदंड तथा अन्य परिपत्र और निदेश लागू होते हैं जो विदेशी कार्यालयों के मामले के अलावा अग्रिमों के अर्जक तथा अनर्जक अग्रिमों के रूप में वर्गीकरण से संबंधित दिशानिर्देश उपलब्ध करवाते हैं। अग्रिमों का वर्गीकरण तथा उनका प्रावधानीकरण स्थानीय विनियमनों अथवा आरबीआई दिशानिर्देशों, जो भी अधिक कड़े हों, के आधार पर किया जाता है। बैंक अनुसूची 17 के नोट 3 के अनुसार आईआरसी मानकों के आधार पर इन अग्रिमों का वर्गीकरण करता है। अर्जक और अनर्जक अग्रिमों की पहचान में उचित व्यवस्था लागू करना शामिल है। बैंक अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेनों को अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (आईटी सिस्टम) यानी कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) में लेखाबद्ध करता है जिसमें अर्जक या अनर्जक अग्रिमों की पहचान होती है। इसके अतिरिक्त, एनपीए वर्गीकरण और प्रावधान राशि की गणना अन्य आईटी सिस्टम यानी सेन्ट्रलाइज़्ड क्रेडिट डेटा प्रोसेसिंग (सीसीडीपी) ऐप्लीकेशन के माध्यम से की जाती है। इन अग्रिमों का रखाव मूल्य (प्रावधानों का निवल) अलग-अलग या इकट्ठा देने में आईआरएसी मानदंडों का उचित रूप से पालन न होने पर कोई महत्वपूर्ण त्रुटि हो सकती है। लेनदेन की प्रकृति, नियामक अपेक्षाओं, वर्तमान व्यवसाय परिवेश, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन में प्राक्कलन/विवेक प्रयोग और महत्ता को देखते हुए, स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के लक्षित उपयोगकर्ताओं के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है। इन पहलुओं को देखते हुए, हमने इसे एक महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामला माना है। साथ ही, हमारी लेखा परीक्षा आय की पहचान, आस्ति वर्गीकरण और शेष की भौतिकता के कारण ऋण के प्रावधानों के संतुलन पर केंद्रित रही।	आईआरएसी मानदंडों तथा आरबीआई द्वारा समय- समय पर जारी अन्य संबंधित परिपत्रों/ दिशानिर्देशों और साथ ही बैंक की आंतरिक नीतियों एवं प्रक्रियाओं के संदर्भ में हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित की जांच भी शामिल है- क) हमें आबंटित शाखाओं के संबंध में आईआरएसी मानदंडों के अनुसार आय निर्धारण, अर्जक और अनर्जक अग्रिम वर्गीकरण तथा प्रावधान करने के लिए सिस्टम में दिए गए डेटा की यथार्थता; ख) आंतरिक लेखापरीक्षा, सिस्टम लेखा परीक्षा, ऋण लेखा परीक्षा और दैनिक संगामी लेखापरीक्षा जैसे निगरानी तंत्रों की उपलब्धता और प्रभावशीलता। ग) आरबीआई के मास्टर परिपत्रों/ दिशानिर्देशों/ न्यायिक निर्णयों के अनुपालन के संबंध में सैंपल आधार पर दबावग्रस्त अग्रिमों सहित अग्रिमों की जांच। घ) एनपीए की ट्रैकिंग, पहचान, उसे चिह्नित करने तथा इसी संबंध में उसके लिए प्रावधान करने के लिए सीबीएस में कारोबार तर्क/ मानदंडों के संबंध में हम बाहरी आईटी सिस्टम लेखा परीक्षा विशेषज्ञों की रिपोर्टों पर भी निर्भर रहे। ङ) ऊपर उल्लिखित आरबीआई परिपत्रों/ दिशानिर्देशों के अनुसार प्रस्तुति तथा प्रकटीकरण आवश्यकताओं के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हमने सीसीडीपी एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर तथा वित्तीय विवरण तैयार करने के सॉफ्टवेयर में अग्रिमों की मैपिंग की जांच की। च) हमने अग्रिमों के विभिन्न आंतरिक नियंत्रणों के कारगर होने की भी जांच की है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि सारभूत कार्यविधियों की प्रकृति, समय और व्याप्ति कैसी है और बैंक की मॉनीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत की गई विभिन्न लेखापरीक्षाओं एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण की टिप्पणियों का किस प्रकार अनुपालन किया जा रहा है; छ) हमें लेखापरीक्षा के लिए आबंटित शाखाओं की सारभूत कार्यविधियों के पालन में हमने बड़े अग्रिमों/दबाव वाले अग्रिमों की जांच की है जबकि अन्य अग्रिमों की नमूना आधार पर जांच की गई है जिसमें बैंक प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई गई स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं की मूल्यांकन रिपोर्टों की समीक्षा भी शामिल है। ज) हमने एनपीए की पहचान करने, आय के अनुरूप व्युतक्रम तथा प्रावधान सृजन की प्रक्रिया का मूल्यांकन एवं निरीक्षण किया। झ) हमने इसमें अन्य सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्टों की भी सहायता ली है जिनके साथ हमने इस विषय में विशेष रूप से पत्राचार भी किया।

क्र. सं.	महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले	लेखापरीक्षा में किस प्रकार मामलों का समाधान किया गया
ii	निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 के नोट 2 के के साथ पठित अनुसूची 8) निवेश में बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूति, बॉण्ड, डिबेंचर, शेयर, सिक्योरिटी प्राप्ति और अन्य अनुमोदित सिक्योरिटीज में किया गया निवेश शामिल है। निवेशों का बैंक की कुल परिसंपत्तियों में 32.90% हिस्सा है। इन पर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के परिपत्र और निदेश लागू होते हैं। आरबीआई से यह दिशानिर्देश अन्य बातों के साथ साथ निवेशों के मूल्यांकन, निवेशों के वर्गीकरण, अनर्जक निवेशों की पहचान, आय की संबंधित गैर-मान्यता तथा उसके विरुद्ध प्रावधान को आवृत करते हैं। उपरोक्त सेक्युरिटीज के प्रत्येक वर्ग (प्रकार) का मूल्यांकन आरबीआई द्वारा जारी परिपत्रों तथा निदेशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाना है जिसमें एफआईएमएमडीए दरों, बीएसई/ एनएसई पर उल्लिखित दरों, गैर-सूचिबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरणों आदि विभिन्न स्रोतों से डाटा/ सूचना का संग्रहण शामिल है। मूल्यांकन, लेनदेनों की मात्रा, हस्तगत निवेश तथा विनियामक ध्यान की मात्रा की जटिलताओं और इसमें शामिल विवेक प्रयोग को देखते हुए, इसे महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामलों में शामिल किया गया है। तदनुसार, हमारी लेखापरीक्षा निवेश के मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेश की पहचान और अनर्जक निवेश के लिए प्रावधान पर केंद्रित है।	आरबीआई परिपत्रों/ दिशानिर्देशों के संदर्भ में हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में अनर्जक निवेशों (एनपीआई) के मूल्यांकन, वर्गीकरण, पहचान और निवेशों के संबंध में प्रावधानीकरण/ मूल्यह्रास से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों तथा तत्संबंधी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं की समझ शामिल है। विशेष रूप से - क. एनपीआई के मूल्यांकन, वर्गीकरण, पहचान, निवेशों के संबंध में प्रावधानीकरण/ मूल्याह्रास के संदर्भ में प्रासंगिक आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए हमने बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया तथा उसे समझा। ख. इन निवेशों का उचित मूल्य जानने के लिए विभिन्न स्रोतों से जानकारी प्राप्त करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का आकलन और मूल्यांकन किया गया; ग. हस्तगत निवेशों के चुनिंदा नमूने के लिए हमने सेक्युरिटी के प्रत्येक वर्ग का मूल्यांकन फिर से करते हुए हमने आरबीआई के मास्टर परिपत्रों तथा निदेशों के साथ यथार्थता तथा अनुपालन की जांच की। नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद ही किया गया है कि सभी श्रेणियों के निवेशों का (प्रतिभूति की प्रकृति के आधार पर) नमूने में समावेश हो जाए; घ. एनपीआई और आय के तदनुरूपी व्युत्क्रम एवं प्रावधान राशि की गणना की प्रक्रिया की जाँच और मूल्यांकन किया; ङ. सारभूत लेखापरीक्षा कार्यविधियों का पालन किया गया है जिससे भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निदेशों के अनुसार प्रावधान राशि और मूल्यह्रास के लिए भी प्रावधान राशि की अलग से फिर से गणना की जा सके। तदनुसार हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेशों के चुनिंदा नमूने एकत्रित किए और भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार एनपीआई की गणना की जांच की तथा उन चुनिंदा नमूना एनपीआई के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों के अनुसार किए गए प्रावधान की राशि की भी फिर से गणना की; च. निवेश ऐप्लिकेशन सॉफ्टवेयर और वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रयुक्त सॉफ्टवेयर के बीच निवेशों की मैपिंग की जांच की जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्र के अनुसार प्रस्तुति और प्रकटीकरण की अपेक्षाओं का कैसे अनुपालन किया गया है।
iii	प्रावधानों का निर्धारण एवं आकस्मिक देयताएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर द्वारा फाइल किए गए कुछ दावों के संबंध में, अन्य पक्षों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न दावों को ऋण के रूप में अभिस्वीकृत नहीं किया गया है। (अनुसूची 18 के नोट 2.9 के साथ पठित अनुसूची 12) प्रोविजनिंग के स्तर का आकलन करने के लिए उच्च स्तरीय विवेक की आवश्यकता होती है। जहाँ आवश्यक होता है, बैंक के आकलन के साथ साथ मामले के तथ्यों, उनके स्वयं के विवेक, पूर्व अनुभव तथा विधिक और स्वतंत्र कर सलाहकारों का परामर्श भी लिया जाता है। तदनुसार बैंक द्वारा दर्ज लाभ और तुलन-पत्र की स्थिति पर अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणामों का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। इन मामलों के परिणामों से संबंधित अनिश्चितता, जहां कानून की व्याख्या में विवेक के इस्तेमाल की आवश्यकता होती है, को देखते हुए हमने इसे महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा का मामला माना है। तदनुसार हमारी लेखापरीक्षा समीक्षाधीन विषय के विश्लेषण और विधि निर्णयों/ विश्लेषणों पर केंद्रित है।	हमारी लेखापरीक्षा कार्यविधि में शामिल हैः क. परिस्थितियों के अनुकूल लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं डिजाइन करने के लिए लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रणों के समझना। ख. कानूनी कार्यवाही/कर निर्धारण की वर्तमान स्थिति को समझना। ग. विभिन्न कर प्राधिकारियों/ न्यायिक मंचों से प्राप्त सूचना और/ अथवा हाल के आदेशों और बैंक द्वारा उन पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई का अध्ययन। घ. प्रस्तुत दलीलों के संदर्भ में समीक्षाधीन विषय की वरीयता तथा उपलब्ध स्वतंत्र कानूनी/ कर परामर्श का मूल्यांकन जिसमें हमारे आंतरिक कर विशेषज्ञों की राय भी शामिल है। ङ. समीक्षाधीन विषय का विवरण एकत्रित करने, चर्चा करने के माध्यम से बैंक की दलीलों के मूल्यांकन, संभावित परिणाम और परिणाम स्वरूप उन मामलों के संभावित आउटफ्लो की समीक्षा। च. महत्वपूर्ण दावों और कराधान मामलों से संबंधित प्रकटीकरणों का सत्यापन।

क्र. सं.	महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले	लेखापरीक्षा में किस प्रकार मामलों का समाधान किया गया
iv	जारी कोविड-19 महामारी को देखते हुए की गई संशोधित लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं जारी कोविड-19 महामारी, कुछ राज्य सरकारों द्वारा घोषित लॉकडाउन तथा हमारी लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान राज्य सरकारों/ स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा लगाए गए यात्रा प्रतिबंधों और व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति संभव न होने की स्थिति में दूरस्थ माध्यम से लेखा परीक्षा करवाने के लिए बैंक को मिले आरबीआई दिशानिर्देशों के कारण, बैंक की कुछ शाखाओं, स्थानीय प्रधान कार्यालयों/ कॉरपोरेट कार्यालय की कुछ व्यवसाय इकाइयों का दौरा कर लेखा परीक्षा नहीं की जा सकी। चूंकि हम व्यक्तिगत/ भौतिक रूप से, शाखाओं/ मंडलों/ प्रशासनिक/ कॉरपोरेट कार्यालयों के अधिकारियों से व्यक्तिगत चर्चा के माध्यम से, आंशिक अथवा पूर्ण रूप से लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त नहीं कर सके, इसलिए हमने इस संशोधित लेखा परीक्षा प्रक्रिया को महत्पूर्ण लेखा परीक्षा मामला माना है। तदनुसार लेखा परीक्षा को दूरस्थ माध्यम से करने के लिए हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रिया को संशोधित किया गया।	कोविड-19 महामारी फैलने के कारण लगे राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन, तथा हमारी लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान केंद्र तथा राज्य सरकारों/ स्थानीय प्रशासन द्वारा लगाए गए अन्य यात्रा प्रतिबंधों के कारण हम शाखाओं/ मंडल/ प्रशासनिक/ कॉरपोरेट कार्यालयों तक यात्रा नहीं कर सके तथा उन कार्यालयों में व्यक्तिगत रूप से लेखा परीक्षा नहीं कर सके। जहां कहीं भी व्यक्तिगत उपस्थिति संभव नहीं वहां से बैंक द्वारा हमें डिजिटल माध्यम, ईमेल, सीबीएस के रीमोट एक्सेस तथा अन्य प्रासंगिक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से आवश्यक रिकॉर्ड/ रिपोर्ट/ दस्तावेज/ प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाए गए। इस प्रकार वर्तमान अवधि के लिए लेखा परीक्षा करने के लिए लेखा परीक्षा साक्ष्य के रूप में हमें उपलब्ध करवाए गए इन दस्तावेजों, रिकॉर्ड तथा रिपोर्ट्स पर निर्भर रहे तथा इन्हीं के आधार पर लेखा परीक्षा की गई। तदनुसार हमने हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रिया में निम्नलिखत संशोधन किए - क. बैंक की कुछ शाखाओं/ स्थानीय प्रधान कार्यालयों/ प्रशासनिक कार्यालयों तथा अन्य कार्यालयों, जहां व्यक्तिगत पहुंच संभव नहीं थी, में रिमोट एक्सेस, ईमेल आदि के माध्यम से रिकॉर्ड/ दस्तावेजों/ सीबीएस/ सीसीडीपी तथा अन्य एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर्स का इलेक्ट्रानिक सत्यापन किया। ख. बैंक के सुरक्षित नेटवर्क में ईमेल तथा रीमोट एक्सेस के माध्यम से हमें उपलब्ध करवाए गए दस्तावेजों, करारों, प्रमाण पत्रों तथा संबंधित रिकॉर्ड का सत्यापन किया। ग. फोन कॉल/ कॉन्फ्रेंस कॉल, ईमेल तथा ऐसे ही संचार माध्यमों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, चर्चा तथा वार्तालाप से पूछताछ की तथा आवश्यक लेखा परीक्षा साक्ष्य जुटाए। घ. संबंधित अधिकारियों से व्यक्तिगत भेंट के बजाए फोन/ ईमेल के माध्यम से हमारे लेखा परीक्षा अवलोकनों का समाधान किया।
एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लेखा परीक्षकों द्वारा रिपोर्ट अनुसार महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा मामले		
v	प्रतिदिन भारी संख्या में होने वाले लेनदेनों के कारण सभी बीमा कंपनियां प्रोद्योगिकी पर अत्यंत निर्भर हैं। लेनदेनों की कैप्चरिंग, मूल्यांकन तथा रिकॉर्डिंग पर ऑटोमेटेड प्रोसेस तथा नियंत्रण के साथ कंपनी की वित्तीय प्रक्रियाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा आईटी सिस्टम पर अत्यधिक निर्भर है। इसलिए यहाँ एक जोखिम भी है कि आईटी कंट्रोल एनवायरनमेंट में अंतर के परिणामस्वरूप वित्तीय लेखांकन तथा रिपोर्टिंग रिकॉर्ड का अशुद्ध वर्णन हो सकता है। अपनी समग्र वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए कंपनी कई सिस्टम इस्तेमाल करती है। आईटी सिस्टम के महत्वपूर्ण इस्तेमाल तथा आईटी संरचना की प्रमात्रा और जटिलता के कारण हमने "आईटी सिस्टम तथा नियंत्रण" को महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा मामले के रूप में पहचाना है।	प्रधान लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं- • वित्तीय लेखांकन एवं रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले आईटी सिस्टम पर प्रमुख नियंत्रण की सैंपल जांच • सैंपल जांच से वित्तीय लेखांकन तथा रिपोर्टिंग रिकॉर्ड से संबंध में कुछ प्रमुख नियंत्रणों की प्रभावशीलता जांचने के लिए आईटी सिस्टम प्रक्रियाओं का मूल्यांकन किया। तथा • हमारा लेखा परीक्षा दृष्टिकोण ऑटोमेटेड नियंत्रणों पर निर्भर है तथा इसलिए प्रक्रियाओं को आईटी सिस्टम पर नियंत्रण की जांच, प्रमुख वित्तीय लेखांकन रिपोर्टिंग सिस्टम में दायित्वों, इंटरफेस तथा सिस्टम एप्लीकेशन कंट्रोल के पृथक्करण पर नियंत्रण की जांच के लिए डिजाइन किया गया है। • स्वतंत्र सूचना प्रणाली लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा की जिसने कंपनी द्वारा अपनाए गए विभिन्न सिस्टम कंट्रोल उपायों की पुष्टि की है।

बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों और उन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट की अतिरिक्त सूचना

5. अन्य सूचना तैयार के लिए बैंक का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। अन्य सूचना में कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट (लेकिन इसमें बैंक के समेकित वित्तीय विवरण और उन पर हमारे लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं है), जो इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट के जारी करने के समय प्राप्त की जाएगी, और वार्षिक रिपोर्ट के अनुलग्नकों, यदि कोई हो, सहित निदेशकों की रिपोर्ट शामिल है, जो हमें इस लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की दिनांक के बाद उपलब्ध करवाई जानी अपेक्षित है।

बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारा अभिमत अन्य सूचना तथा बासेल III प्रकटीकरण के अंतर्गत पिलर 3 प्रकटीकरण को कवर नहीं करता और हम उस पर कोई आश्वासन-निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं/नहीं करेंगे।

बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों पर अपनी लेखापरीक्षा के संबंध में हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऊपर चिह्नित अन्य सूचना को पढ़ें और ऐसा करते समय यह विचार करें कि क्या अन्य सूचना बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों से वस्तुपरक रूप से असंगत है अथवा लेखापरीक्षा के दौरान या अन्यथा प्राप्त की गई हमारी जानकारी वस्तुपरक रूप से त्रुटिपूर्ण प्रतीत होती है।

यदि हम बैंक की निदेशक रिपोर्ट, वार्षिक रिपोर्ट के अनुलग्नकों, यदि कोई हो, सहित पढ़ते हैं और यह निष्कर्ष देते हैं कि यह वस्तुगत रूप से त्रुटिपूर्ण है, तो हमसे अपेक्षा की जाती है कि इसकी सूचना प्रशासन से जुड़े व्यक्तियों को देनी होगी।

बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रशासन से संबंधित व्यक्तियों और प्रबंधन के दायित्व

6. भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखाकरण मानकों लेखा मानक 21 "समेकित वित्तीय विवरण", लेखा मानक 23 "एसोशिएट में निवेश के समेकित वित्तीय विवरण" तथा लेखा मानक 27- "संयुक्त उद्यम में ब्याज की वित्तीय रिपोर्टिंग" सहित भारत में सामान्यतः मान्य लेखाकरण सिद्धांतों, बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 की शर्तों, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों व दिशानिर्देशों तथा भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बैंक के नकदी प्रवाह और उसकी वित्तीय स्थिति व वित्तीय निष्पादन की सही व सटीक जानकारी प्रस्तुत करने वाले इन केवल बैंक के विवरणों को तैयार करने का दायित्व बैंक के निदेशक बोर्ड का है। इस दायित्व में बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 तथा बैंक की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं की रोकथाम तथा पहचान के लिए प्रयोज्य कानूनों की शर्तों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों का समुचित रखरखाव, उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं प्रयोजन, औचित्यपूर्ण व विवेकपूर्ण निर्णय और आकलन करना, पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की डिजाइन, कार्यान्वयन व रखरखाव शामिल है जो लेखांकन अभिलेखों की यथार्थता और संपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्यान्वित थे, तथा जो धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण वस्तुगत गलतबयानी से मुक्त सही एवं सटीक छवि प्रस्तुत करने वाले वित्तीय विवरणों के लिए प्रासंगिक हो।

बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करते समय संबंधित निदेशक मंडल का दायित्व है कि वह संबंधित समूह को एक कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की क्षमता का मूल्यांकन करे और जहाँ लागू हो, कार्यशील संस्था से संबंधित विषय प्रकट करते हुए, कार्यशील संस्था के स्वरूप के आधार पर लेखा तैयार करे, जब तक समूह का परिसमापन या परिचालन समाप्त करने की प्रबंध मंडल की मंशा नहीं हो, या ऐसा करने के सिवाय दूसरा कोई विकल्प उसके पास न हो।

ऐसे प्रबंधन की जिम्मेदारी संबंधित समूह की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली पर नजर रखना भी है।

बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी

7. हमारा उद्देश्य बैंक के समेकित वित्तीय विवरण, संपूर्ण रूप में धोखाधड़ी या त्रुटिवश किसी भी प्रकार की गलत बयानी से मुक्त हों, इसका उचित आश्वासन प्राप्त करना और हमारे अभिमत के साथ लेखा परीक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत करना है। उचित आश्वासन, उच्च स्तरीय आश्वासन माना जाता है मगर यह गारंटी नहीं देता कि सांविधिक लेखा परीक्षा के आधार पर की गई लेखापरीक्षा में पाई गई गलत बयानी का दोष निकल पाएगा। गलत बयानी, धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न होती है और यदि अलग या समग्र रूप से यह समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर इनके उपयोगकर्ताओं द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों पर प्रभाव डालता है तो उन्हें ठोस माना जाएगा।

एसए के अनुरूप की गई लेखापरीक्षा के अनुसार हम लेखापरीक्षा के सभी स्तरों पर व्यावसायिक विवेक और व्यावसायिक संशय बनाए रखते हैं। निम्नलिखित भी इसके दायरे में है:

- बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों में निहित गलत बयानी के जोखिमों की पहचान और मूल्यांकन करना, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, उन जोखिमों के अनुरूप लेखापरीक्षा कार्यविधि डिजाइन करना और उसपर कार्रवाई करना और लेखापरीक्षा प्रमाण प्राप्त करना जो कि हमारे अभिमत का पर्याप्त तथा संगत आधार बने। धोखाधड़ी के कारण की गई गलत बयानी के पहचान न करने का जोखिम, त्रुटिवश की गई गलत बयानी से भारी हो सकता है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, इरादतन भूल-चूक, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रण की भरमार भी हो सकती है।
- उपयोग में लाई गई लेखांकन नीतियों की युक्तिसंगतता तथा प्रबंधन द्वारा किए गए लेखा प्राक्कलनों और संबंधित प्रकटीकरण की उपयुक्तता का मूल्यांकन करना
- प्रबंधन द्वारा कार्यशील बैंक आधार पर लेखांकन की उपयुक्तता पर निष्कर्ष के रूप में तथा प्राप्त लेखापरीक्षा प्रमाण के आधार पर, कि क्या ऐसी घटना या परिस्थिति के आधार पर कोई तात्विक अनिश्चितता विद्यमान है, जिससे कार्यशील समूह की संस्था के रूप में जारी रहने की बैंक की क्षमता पर संशय होता हो। यदि हम यह निष्कर्ष निकालें कि तात्विक अनिश्चितता पाई गई है तो हमें केवल बैंक के वित्तीय विवरणों में लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में संबंधित प्रकटीकरणों की ओर ध्यान देना अपेक्षित होगा या प्रकटीकरण पर्याप्त नहीं हैं तो हमारे अभिमत को संशोधित करना अपेक्षित होगा। हमारे निष्कर्ष लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तिथि तक के लेखापरीक्षा प्रमाण पर निर्भर हैं। हालांकि भविष्य की घटनाओं

या परिस्थितियों के कारण बैंक सु-नाम संस्थान के रूप में नहीं भी बना रह सकता है।

- प्रकटीकरण सहित, समूह की संस्था के समेकित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति संरचना तथा विषयवस्तु तथा बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों में अंतर्निहित लेनदेनों तथा घटनाओं का सही एवं स्पष्ट चित्र प्रस्तुत किया गया है, इसका मूल्यांकन करना।
- समेकित वित्तीय विवरणों पर अभिमत प्रकट करने के लिए समूह के भीतर तथा इसके एसोसिएट्स तथा संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों, जिनके हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं तथा जिनकी वित्तीय सूचना की हमने लेखा परीक्षा की है, की इकाइयों अथवा कारोबार गतिविधियों की वित्तीय सूचना के संबंध में पर्याप्त उचित लेखा परीक्षा प्रमाण प्राप्त करना। हम इस प्रकार की इकाइयों, जो उन समेकित विवरणों में शामिल हैं जिनके हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं, के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के निदेशन, पर्यवेक्षण तथा निष्पादन के लिए हम उत्तरदायी हैं। समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल अन्य इकाइयों के लिए, जिनकी लेखा परीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा की गई, वे अन्य लेखा परीक्षक उनके द्वारा की गई लेखा परीक्षा के निदेशन, पर्यवेक्षण तथा निष्पादन के लिए उत्तरदायी हैं। हम केवल हमारी लेखा परीक्षा के अभिमत के लिए उत्तरदायी हैं।

बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों में अलग-अलग रूप से या समग्र रूप से की गई गलत बयानी की मात्रा की गंभीरता से जिससे कि इन वित्तीय विवरणों के आधार पर आर्थिक निर्णय लेनेवाले जानकार उपयोगकर्ता संभवतः प्रभावित होने की संभावना बढ़ जाती है। (1) हमारी लेखापरीक्षा के कार्यक्षेत्र की योजना बनाते समय और हमारे कार्य के परिणाम का मूल्यांकन करते समय तथा (2) वित्तीय विवरणों में पाई गई गलत बयानी का मूल्यांकन करते समय हम मात्रात्मक विषयवस्तु और गुणात्मक घटकों पर विचार करते हैं।

हम, गवर्नेंस से जुड़े व्यक्तियों को अन्य बातों के साथ-साथ लेखापरीक्षा का योजनाबद्ध क्षेत्र और उसकी अवधि, लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम और लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में पाई गई महत्वपूर्ण कमियों के बारे में अवगत कराते है।

हम, गवर्नेंस से जुड़े व्यक्तियों को एक विवरणी प्रस्तुत करते हैं जिसमें हमारे द्वारा स्वतंत्रता संबंधी नैतिक अपेक्षाओं के अनुपालन करते हुए लेखापरीक्षा की गई है और उन्हें संबंधों तथा अन्य मामलोंकी जानकारी दें जो हमारी स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाले हैं और जहां लागू हो, वहां उससे संबंधित सावधानियों की भी जानकारी हो।

गवर्नेंस से जुड़े व्यक्तियों को जिन मामलों की जानकारी दी जाती है, उनमें से हम चालू अवधि के बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा कि दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण मामलों के रूप में शामिल करतें हैं इसलिए ये मामले महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले हैं। हम लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में इन महत्वपूर्ण मामलों का वर्णन करते हैं बशर्ते कि लागू कानून या विनियमों में इनके सार्वजनिक प्रकटीकरण पर रोक नहीं लगाई गई हो या अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में हम निर्णय लेते हैं कि हमारी रिपोर्ट में इस मामले की सूचना न दी जाए क्योंकि उसके विपरीत नतीजे जनहित के लिए घातक साबित हो सकते है।

अन्य मामले

8. हमने समेकित वित्तीय विवरण में शामिल किया हैः

क) हमने स्वतंत्र वित्तीय विवरणों में विचार किए अनुसार, बैंक के स्वतंत्र वित्तीय विवरणों में शामिल 10842 शाखाओं के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है जिसके वित्ताय विवरण/ वित्तीय सूचना में 31 मार्च 2021 के अनुसार रु 34,44,485 करोड़ की कुल आस्तियों और रु. 2,83,673 करोड़ की कुल आय परिलक्षित होती है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की लेखापरीक्षा, शाखा के लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है जिसे हमें उपलब्ध कराया गया है और हमारे अभिमत में इन शाखाओं के संबंध में दी गई जानकारियां एवं प्रकटीकरण पूर्णतः उन शाखा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित हैं।

ख) हमने 26 अनुषंगियों, 8 संयुक्त नियंत्रित इकाइयों के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा नहीं की है जिनके वित्तीय विवरण में 31 मार्च 2021 को रु. 328,891.56 करोड़ की कुल आस्तियां तथा रु. 81,067.73 करोड़ की कुल आय परिलक्षित होती है, जैसा कि समेकित वित्तीय वक्तव्यों में माना जाता है। समेकित वित्तीय विवरणों में 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष में समूह के 16 सहयोगियों के रु 664.98 करोड़ की निवल हानि की हिस्सेदारी भी शामिल है, जिनके वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा हमारे द्वारा नहीं की गई है। इन वित्तीय विवरणों का लेखा-परीक्षण अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है, जिनकी रिपोर्ट प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत की गई है और समेकित वित्तीय वक्तव्यों पर हमारा अभिमत जहां तक यह इन सहायक कंपनियों, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के संबंध में शामिल राशि और खुलासे से संबंधित है, और अब तक की हमारी रिपोर्ट में यह उपरोक्त सहायक कंपनियों, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं और सहयोगियों से संबंधित है, पूरी तरह से अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

ग) हमने एक अनुषंगी के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नहीं किया है, जिनके वित्तीय विवरण 31 मार्च 2021 को रु 7604.08 करोड़ की कुल आस्तियों तथा तथा रु 236.33 करोड़ का कुल राजस्व दर्शाते हैं, जैसा कि वित्तीय विवरण में माना गया है एक एसोसिएट, जिसके वित्तीय विवरणों/ वित्तीय जानकारी की लेखा परीक्षा हमारे द्वारा नहीं की गई, के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों में माना गया है कि 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए 2.02 करोड़ रुपये की शुद्ध हानि के समूह शेयर समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल है। यह वित्तीय विवरण लेखा परीक्षित नहीं हैं तथा यह हमें प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं तथा समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारा अभिमत जहां तक यह इन अनुषंगियों, सहायक कंपनियों, संयुक्त के संबंध में शामिल राशि और खुलासे से संबंधित है, और अब तक की हमारी रिपोर्ट में यह उपरोक्त सहायक कंपनियों, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं और सहयोगियों से संबंधित है, पूरी तरह से ऐसे लेखा परीक्षण रहित वित्तीय विवरणों पर आधारित है।

हमारे अभिमत में तथा प्रबंधन द्वारा हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार यह वित्तीय विवरण समूह के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं।

9 एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड समूह की सहायक कंपनियों के लेखा परीक्षकों ने बताया है कि विद्यमान जीवन पॉलिसियों के लिए देनदारियों का बीमांकिक मूल्यांकन और दावों के संबंध में देनदारियों का बीमांकिक मूल्यांकन जिसे रिपोर्ट नहीं किया गया (IBNR) और दावे किए नहीं गए लेकिन पर्याप्त रिपोर्ट नहीं किए गए (IBNER) मामले कंपनी के नियुक्त बीमांकक ("नियुक्त बीमांकिक") की जिम्मेदारी है। विद्यमान जीवन पॉलिसियों के लिए इन देनदारियों का बीमांकिक मूल्यांकन और उन नीतियों के लिए जिनके संबंध में प्रीमियम बंद कर दिया गया है, लेकिन देयता 31 मार्च, 2021 तक मौजूद है, को नियुक्त बीमांकक द्वारा विधिवत प्रमाणित किया गया है और उनकी राय में, इस तरह के मूल्यांकन के लिए भारतीय बीमा नियामक विकास प्राधिकरण ("IRDAI"/ "प्राधिकरण") और भारतीय बीमांकक संस्थान द्वारा प्राधिकरण की सहमति से जारी दिशानिर्देशों और मानदंडों के अनुसार किया गया है। हमने इस संबंध में लागू जीवन पॉलिसियों के लिए देयताओं के मूल्यांकन पर और उन पॉलिसियों के लिए जिनके संबंध में प्रीमियम बंद कर दिया गया है, लेकिन कंपनी के वित्तीय विवरणों में देयता मौजूद है, अपनी राय बनाने के लिए नियुक्त बीमांकक के प्रमाण पत्र पर भरोसा किया है।

अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

10. समेकित तुलन पत्र और समेकित लाभ और हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तैयार किया गया है; और ये भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के प्रावधानों और उसके तहत विनियमों के आधार पर दी जाने वाली आवश्यक जानकारी निम्नानुसार देते हैं।

    उपरोक्त पैराग्राफ 5 से 8 में इंगित लेखापरीक्षा की सीमाओं के अधीन और जैसा कि भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 द्वारा आवश्यक है, और उसमें आवश्यक प्रकटीकरण की सीमाओं के अधीन भी, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

    क) हमारे लेखा परीक्षा के लिए सभी जानकारी और स्पष्टीकरण जो, हमारे ज्ञान और विश्वास के अनुसार, आवश्यक थे प्राप्त किया गया है और उन्हें संतोषजनक पाया गया है,

    ख) बैंक के लेन-देन, जो हमारे ध्यान में आए हैं, बैंक की शक्तियों के भीतर हैं; तथा

    ग) बैंक के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त विवरणियां हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए पर्याप्त पाई गई हैं।

11. हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि :

    क) हमारी राय में, बैंक द्वारा विधि द्वारा अपेक्षित उचित लेखा खाते रखी गई हैं और उन खातों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की जाँच के आधार पर यह पाया गया है कि हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजनों के लिए यह पर्याप्त और हमारे द्वारा नहीं देखी गई शाखाओं की रिपोर्टों के लिए भी वह पर्याप्त है;

    ख) समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ और हानि खाता और समेकित नकदी प्रवाह विवरण इस रिपोर्ट द्वारा निपटाए गए खाते की किताबों के साथ और उन शाखाओं से प्राप्त रिटर्न के साथ मेल खाते हैं जिनका हमारे द्वारा दौरा नहीं किया गया है;

    सी) शाखा कार्यालयों के खातों की रिपोर्टों की बैंक की शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, और भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 29 के प्रावधानों के अनुसार हमें जाँ के लिए भेजी गई है और उनके द्वारा लेखापरीक्षा ठीक से की गई है जिसका इस रिपोर्ट को तैयार करने में हमारे द्वारा संज्ञान लिया गया; तथा

    घ) हमारी राय में, समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ और हानि खाता और समेकित नकदी प्रवाह विवरण लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं, इस हद तक कि वे आरबीआई द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं ।

12. पत्र सं. डीओएस. एआरजी. सं.6270/08.91.001/ 2019- 20 दिनांक 17 मार्च, 2020 के अनुसार अपेक्षित "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों (एससीए) की नियुक्ति- वित्तीय वर्ष 2019 - 20, एससीए के लिए रिपोर्टिंग दायित्वों" पर, आरबीआई द्वारा जारी 19 मई, 2020 के बाद के संवाद के साथ पढ़ें, हम आगे रिपोर्ट करते हैं मामलों के रूप में उक्त पत्र के पैरा 2 में निर्दिष्ट के तहत :

    क) वित्तीय लेनदेन या मामलों पर कोई टिप्पणी या टिप्पणी नहीं है जिसका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।

    ख) 31 मार्च, 2021 तक बैंक के निदेशकों से प्राप्त अभ्यावेदन के आधार बैंक के निदेशक बोर्ड द्वारा रिकॉर्ड पर लिया गया और अनुषंगियों के सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, सहयोगी कंपनियों और भारत में समूह की संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं में कोई भी निदेशक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164(2) के अनुसार निदेशक के रूप में अयोग्य नहीं घोषित किया गया।

    ग) खातों के रखरखाव और उससे जुड़े अन्य मामलों से संबंधित कोई योग्यता, आरक्षण या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

    घ) पैरा 1.14 के अनुसार आईसीएआई द्वारा जारी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मामले में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर तकनीकी गाइड की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में आरबीआई द्वारा शुरू की गई रिपोर्टिंग आवश्यकता केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के एकल वित्तीय विवरणों पर लागू होगी और पीएसबी के समेकित वित्तीय विवरणों के लिए नहीं। तदनुसार, 31 मार्च 2021 को समूह के समेकित वित्तीय विवरणों पर वित्तीय रिपर्टिंग के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रिपोर्टिंग नहीं की गई है।

खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

आईसीएआई फर्म पंजीकरण संख्या 105049W

अल्पेश वाघेला
पार्टनर

सदस्यता संख्या 142058

UDIN: 21142058AAAAABG3977

स्थान - मुंबई
दिनांक - 21 मई, 2021